# घाट पर फैला सन्नाटा, कांवरिये नही भर पाए जल

करनैलगंज(गोंडा)। आखिरकार बाबा नगरिया दूर है का नारा चरितार्थ दिखाई दिया। जहां बाबा नगरिया दूर है जाना बहुत जरूर है के नारे लगते थे, जहां दस लाख कांवरियों के बोल बम व जयकारों की गूंज होती थी वहां सन्नाटे दस्तक रही। प्रतिदिन स्नान करने वाले करीब एक हजार लोगों को भी स्नान करने से रोंका गया। क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में जहां जलाभिषेक व शिव के जयकारों की धूम रहती थी वहां भी सन्नाटा छाया रहा। करनैलगंज के सरयू तट पर पुलिस ने कांवरियों को रोकने के लिए सुरक्षा का जाल बिछा रखा था। सरयू घाट तक जाने वाले सभी मार्गों को बल्ली और बांस के सहारे बंद करके भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। जिससे एक भी कांवरिया सरयू घाट तक पहुंचने ना पाए। यही नही आम दिनों में घाट पर स्नान करने के लिए आने वाले एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भी स्नान के लिए रोंका गया। जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही द्वारा कोरोना महामारी के मद्देनजर विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए जल भरने के लिए आने वाले करीब 10 लाख कांवरियों को रोकने के लिए मेले के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अलावा जिले के कई शिव मंदिरों के महंत द्वारा मंदिर के कपाट बंद होने का फरमान जारी किया गया था। जिस पर पुलिस ने सरयू घाट पर कड़ा पहरा लगाते हुए घाट तक पहुंचने वाले सभी मार्गों को सील कर दिया और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया। जिससे कोई भी कांवरिया सरयू घाट तक न पहुंचने पाए। उल्लेखनीय है कि कजरी तीज थी और उसके 1 दिन पूर्व सरयू घाट पर करीब 10 लाख से अधिक कांवरियों के जुटने की संभावना थी। जिस पर प्रशासन द्वारा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत मेले के आयोजन पर रोक लगा दी गई। सरयू घाट पर चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात की गई और कांवरियों को आने से पूरी तरह रोक दिया गया। इस वर्ष भी जिले का सबसे बड़ा मेला कोरोना की भेंट चढ़ गया। उपजिलाधिकारी हीरालाल व सीओ मुन्ना उपाध्याय कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह लगातार घाट पर बने रहे। सरयू घाट पर कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद रहे।

# पंचायत सहायक की नौकरी हथियाने के चक्कर में, फर्जीवाड़ा

इटियाथोक,गोंडा।पंचायत सहायक की नौकरी हथियाने के चक्कर में युवक ने अपने अंकपत्र में ही फर्जीवाड़ा कर डाला। हाईस्कूल व इंटर की मार्कशीट में सबसे ज्यादा अंक दर्शाकर फार्म भी जमा कर दिया। हैरत की बात तो यह है, कि पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान ने बिना जांच पड़ताल किए ही आवेदक के नाम का अनुमोदन भी कर दिया।वैसे कहा तो यह भी जा रहा है, कि इस फर्जीवाड़े के पीछे सिर्फ आवेदक ही जिम्मेदार नहीं हैं,बल्कि कुछ ओहदेदार भी है, जिन्होंने चहेतों को नौकरी दिलाने के लिए, इतने बड़े गड़बड़–झाले को अंजाम दिया है।बता दें, प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में विकास के पहिए को गति देने व लोगों को मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए पंचायत सहायक आपरेटर पद के लिए आवेदन मांगे थे। जिसमें मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया लागू की गई है।पूरा मामला इटियाथोक ब्लॉक क्षेत्र के हरदैया भटपुरवा ग्राम पंचायत से जुड़ा है।आरोप है,गांव में युवक ने नौकरी पाने के लिए अपने अंकपत्र में ही फर्जीवाड़ा कर डाला। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब गांव के दूसरे युवक ने अपना फार्म ब्लाक में जमा किया।रजिस्टर पर दर्ज अंक को देखकर उसके होश उड़ गए। इस संदर्भ में गांव के प्रदीप कुमार गोस्वामी ने ..खंड विकास अधिकारी पन्नालाल से लिखित शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने पत्र में बताया, कि गांव के युवक ने पंचायत सहायक आपरेटर पद के लिए आवेदन पत्र के साथ जो शैक्षिक अंकपत्र लगाया है, वह फर्जी व कूट रचना से प्रेरित है। आरोप है, कि कथित युवक ने फर्जीवाड़ा कर मार्कशीट में हेर–फेर कर दिया। युवक ने आवेदन पत्र के साथ जो हाईस्कूल का अंक पत्र लगाया है, उसके अंकपत्र में 600 में 501 दिखाया है, जबकि ऑनलाइन चेक करने पर पता चला है कि प्राप्त 387 अंक है। वहीं इंटर के अंकपत्र में 500मे 391 दिखाया गया है, जबकि असल में 269 है।अब देखना दिलचस्प होगा, कि विभागीय जिम्मेदार इस मामले को कितनी गंभीरता से संज्ञान में लेते हैं।

## स्वास्थ्य स्वयं सेवकों की मंडलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

गोण्डा।आज कटरा बाजार के कौड़िया मण्डल व मेहनौंन विधानसभा के इटियाथोक मण्डल अंतर्गत स्वास्थ्य स्वयं सेवकों की मंडलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डल इटियाथोक में उक्त कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री राकेश तिवारी विशिष्ट अतिथि दीपक अग्रवाल रहे एवं कौड़िया मण्डल के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री जसवंत लाल सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि राजेश राय चंदानी जी रहे। उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवको अपने ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य एवं कोरोना के बारे ने जानकारी रखना, उससे बचाव के उपाय के बारे में लोगो को कैसे समझाना, गाँव स्तर पर पल्स ऑक्सिमिटर ऑक्सीजन सैचुरेशन इत्यादि की जानकारी रखने के साथ ही आशा वर्कर, हेल्थ वर्कर , पीएचसी एवं सिविल असपताल से सम्पर्क रखने के गुर बताए गए। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा , अमरजीत बाल्मीकि, मण्डल अध्यक्ष अनन्त राम शुक्ल, राजेश सिंह सहित ग्राम स्वयं सेवक बंधु उपस्थितरहे।

# सरयू नदी में विसर्जित की गयी कल्याण सिंह की अस्थियां

## पुत्र राजवीर सिंह, नाती संदीप सिंह व परिवारीजन अस्थि कलश लेकर पहुंचे अयोध्या

अयोध्या। उ.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री व राम मंदिर आंदोलन अगुवा स्व कल्याण सिंह के अस्थि कलश का अयोध्या नया घाट में विर्सजन किया गया। उपस्थित साधू संतों, भाजपा नेताओं व जनसमुदाय ने कल्याण सिंह अमर रहें व जय श्री राम के नारों के साथ उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व कल्याण सिंह के अस्थि कलश को उनके पुत्र सांसद राजवीर सिंह, नाती राज्यमंत्री संदीप सिंह व परिवारीजन लेकर अयोध्या पहुंचे। उनके साथ केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा भी थे। श्रद्धाजलि अर्पित करने के लिए मंच पर उनका अस्थि कलश रखा गया। जिसे नाव के माध्यम से सरयू में विसर्जित किया गया। अस्थि विसर्जन के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी संख्या जल पुलिस की मौजूदगी रही।

अस्थि कलश विर्सजन से पूर्व श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री बी एल वर्मा ने कहा जब भी रामजन्म भूमि मंदिर आंदोलन की चर्चा होगी। तो मंदिर के लिए अपनी कुर्सी न्यौछावर करने वाले मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम के बिना यह चर्चा कभी पूर्ण नही हो पाएगी। सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि बाबू जी का पूरा जीवन अयोध्या और राम के प्रति सर्मिपित था। उनका दो सपना था कि राम मंदिर का निर्माण होते देखना व अंतिम समय में भाजपा के झंडे में लिपट कर जांऊ। प्रभु राम की कृपा से उनके दोनों स्वप्न पूर्ण हुए। अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि एक कुशल प्रशासक के रुप में कल्याण सिंह बतौर मुख्यमंत्री आम जनता के बीच आज भी याद किये जाते है। शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी सरकार ने कई सराहनीय कार्य किये। अयोध्या से उनका काफी लगाव था। अस्थि कलश के साथ बुलन्दशहर के सांसद भोला सिंह, आगरा विधायक जितेन्द्र वर्मा, अन्य विधायको में अनीता राजपूत, देवेन्द्र पाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, संजीव राठोर, मुकेश राजपूत, आये थे। श्रद्धाजंलि सभा में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, गोरखनाथ बाबा, गोण्डा सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, महंत राजकुमार दास, गिरीश दास, चन्द्राशु जी महराज, गिरीश पति त्रिपाठी, महंत परमहंस दास, महंत राजू दास, महंत छबीले शरण दास, कमलाशंकर पाण्डेय, सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव शक्ति सिंह, डा राकेश वशिष्ठ, विशम्भर सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, विशाल मिश्रा, अमल गुप्ता, बालकृष्ण वैश्य, हरभजन गौड़, खुन्नु पाण्डेय, डिप्पुल पाण्डेय, युवा मोर्चा के महानगर जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील मिश्र, सार्थक तिवारी, विद्याकान्त द्विवेदी, आकाश मणि त्रिपाठी, मुन्ना सिंह, ज्ञान केसरवानी, शैलेन्द्र कोरी, नितिन पाण्डेय शिवम् सिंह, सहित कार्यकताओं ने अपनी श्रद्वांजलि दी।

# विश्व हिन्दू महाशक्ति संघ के प्रदेश प्रवक्ता का हुआ स्वागत

शिवदयालगंज (गोन्डा) । विश्व हिन्दू महाशक्ति संघ के प्रदेश प्रवक्ता राम कृष्ण तिवारी नगर नवाबगंज में पहुंचे संगठन के जिला पदाधिकारी व प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने नगर नवाबगंज के प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया । संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू सनातनीयों को एकजुट करना तथा हिन्दू राष्ट्र घोषित होना हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश प्रवक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दूओं को एकजुट होने का समय आ गया है।सभी सनातनी एकजुट हो।तथा हिन्दू राष्ट्र घोषित किये जाने का प्रयास हमारा संगठन पुरजोर कर रहा है ओर हमें उम्मीद है की वर्ष 2024 से पहले हमारा भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित हो जाएगा।इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित सोनी लाल निषाद जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी गोन्डा संजय श्रीवास्तव प्रभात शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

शिवदयालगंज गोंडा ।नेहरू युवा केंद्र व टीम संघर्ष द्वारा क्षेत्रीय युवाओं के प्रोत्साहन व शारीरिक विकास को लेकर क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता नवाबगंज के सिरसा फार्म ग्राउंड में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 200 मीटर, 400 मीटर , 800 मीटर, 1600 मीटर व 5 किलोमीटर की दौड़ व कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें नवाबगंज के दर्जनों गांवों से सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 200 मीटर की दौड़ में राम आशीष यादव ने प्रथम(तुलसीपुर), राघवेंद्र प्रताप यादव(तुलसीपुर) ने द्वितीय व राम औतार यादव(जैतपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही 400 मीटर की दौड़ में अमृत लाल(तुलसीपुर) ने प्रथम, परशुराम(हतवा) ने द्वितीय व शिव बचन(तुलसीपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही 800 मीटर दौड़ में महेश यादव(तुलसीपुर माझा) ने प्रथम, ऋषि सिंह(बहादुरा) ने द्वितीय व राघवेंद्र यादव(तुलसीपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1600 मीटर की दौड़ में अरविन्द (माझाराठ) ने प्रथम, शिव पूजन (जैतपुर) ने द्वितीय व अंग्रेज यादव ( माझाराठ) ने तृतीय स्थान एवं 5 किलोमीटर की दौड़ में मौजीराम ने प्रथम, अमरजीत यादव ने द्वितीय व रोहित यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही कबड्ड़ी प्रतियोगिता में टीम बल्लीपुर, टीम सिरसा, टीम माझाराठ, टीम चरगहा, टीम तुलसीपुर व टीम पर्वती ने प्रतिभाग किया जिसमे टीम बल्लीपुर व टीम तुलसीपुर का फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। फाइनल में टीम बल्लीपुर के कप्तान अभिनव सिंह व उपकप्तान भीष्म पाल के शानदार प्रदर्शन के बल पर टीम बल्लीपुर ने टीम तुलसीपुर को 52–39 से पटखनी देते हुए कबड्ड़ी प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के आयोजक व टीम संघर्ष के संयोजक अभिषेक तिवारी श्एक चिंतकश ने बताया कि क्षेत्रीय युवाओं के प्रोत्साहन के लिए इस मंत्रालय द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं जिसमे नवाबगंज के हर गांव से मेहनती युवाओं ने प्रतिभाग किया। सभी विजई प्रतिभागियों को विभाग द्वारा सर्टिफिकेट, मेडल व शील्ड से सम्मानित किया गया हैं। प्रतियोगिता का संचालन कर रहे रानू सिंह व कोचध्रेफरी इमरान अली ने हर्ष जताते हुए कहा कि मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार मौका मिला हैं ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर युवा खुद को भविष्य के तैयार कर रहे।

# गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी ने जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओं के साथ रह रहे 3 बच्चों को लिया गोद

अयोध्या। हमेशा सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी ने एक बार फिर से मानवीय चेहरा प्रदर्शित किया है गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी द्वारा जिला कारागार अयोध्या में निरुद्ध महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों को गोद लिया है पढ़ाई के साथ साथ सभी सामानों को निशुल्क मुहैया कराया है गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सचिव प्रतिपाल सिंह पाली द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में निरुद्ध महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों में 3 बच्चों का एडमिशन गुरु नानक पब्लिक कान्वेंट स्कूल खिड़की अली बेग पुलिस लाइन में कक्षा नर्सरी में कराया गया है जिससे यह निर अपराध बच्चे शिक्षा से वंचित ना रहे बच्चों की किताब कॉपी, स्कूल ड्रेस आदि की व्यवस्था गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी द्वारा की जाएगी वहीं इस पहल को लेकर जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्रा ने बताया कि गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी की यह पहल बहुत ही सराहनीय है इससे समाज में एक अलग ही संदेश जाएगा साथ ही अगर सभी लोग इसी तरीके से निरअपराध बच्चे जो जेल में बिना किसी कारणवश अपने परिवारीजनों के साथ रह रहे हैं ऐसे बच्चों को गोद लेने लगेंगे तो कोई भी बच्चा निरक्षर नहीं रह जाएगा और इससे निश्चित ही समाज में एक अलग ही बदलाव देखने को मिलेगा। वही गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी के सीईओ अमनदीप सिंह विशी ने कहा कि जो भी व्यक्ति कारागार में पैसे के अभाव में निरुद्ध हैं और तय समय की सजा काट चुके हैं उन सभी बंदियों को छुड़ाने का काम भी गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी द्वारा किया जाएगा और कहा की महान लेखक विश्व विख्यात विक्टर ह्यूगो ने भी कहा था कि वह जो एक स्कूल का दरवाजा खोलता है एक जेल बंद करता है इसलिए सभी को प्रेरणा लेकर समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए।

# दो सप्ताह पूर्व जले ट्रांसफार्मर का कोई पुरसाहाल नही

करनैलगंज(गोंडा)। दो सप्ताह पूर्व जला ट्रांसफार्मर बिजली अधिकारियों की लापरवाही से नही बदला जा सका। जिससे ग्रामीण चिराग की रोशनी में रहने को विवश हैं। विद्युत वितरण खण्ड तृतीय उपकेंद्र कटरा बाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत असरना पहाड़ापुर का ट्रांसफार्मर पिछले 15 दिन से खराब है। जिससे उक्त गांव में विद्युत आपूर्ति ठप्प है। बार–बार शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर सही नहीं किए जाने को लेकर उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। असरना गांव में 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है जो पिछले दो सप्ताह से खराब है। ग्रामवासी मुकेश उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, अखिलेश कुमार, राजकुमार, माधवराज, सत्यप्रकाश, वेदप्रकाश, जावेद श्यामू, राम समुझ सहित दर्जनों ग्रामीणों के बार–बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा अभी तक ट्रांसफर नहीं बदलवाया गया। जिससे ग्रामीणों में जबर्दस्त आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा ट्विटर के माध्यम से यूपीपीसीएल, मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड, सहित डीएम को ट्वीट किया गया और ट्विटर से उन्हें शीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन भी मिला। लेकिन ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया। इस संबंध में एक्सईएन प्रसून त्यागी का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में है कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से समस्या उत्पन्न हुई है शीघ्र ही दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाकर विद्युत बहाल करवा रहे हैं।

# रामजानकी मंदिर में व्रतियों ने किया पूजन अर्चन

## श्रीराम जानकी मन्दिर में व्रती महिलाओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर मनाया हरतालिका तीज व्रत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। श्रीराम जानकी मन्दिर परिसर में हरतालिका तीज व्रत विधि विधान से पूजन अर्चन कर मनाया





गया। शोहरतगढ़ कस्बा, नीबी दोहनी, गड़ाकुल, छतहरी, छतहरा सहित क्षेत्र की वर्ती महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर पुजारी सत्यप्रकाश शुक्ला ने बताया कि हरतालिका के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और पारिवारिक सुख–समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है। हरतालिका तीज का व्रत हिन्दू धर्म में सुहागिन महिलाओं द्वारा रखा जाने वाला अत्यंत कठिन और अति शुभ फलदायी व्रत माना गया है। हरतालिका तीज के व्रत के दिन विशेष रूप से माता पार्वती, भगवान शिव और गणेशजी की आराधना की जाती है। हरतालिका तीज व्रत निराहार और निर्जला रखा जाता है। कई जगह इस व्रत के अगले दिन जल ग्रहण किया जाता है। हरतालिका तीज व्रत एक बार शुरू करने के बाद बेवजह छोड़ा नहीं जाता है।वही हरतालिका तीज व्रत के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद जगदम्बिका पाल दिल्ली पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता पाल जी को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दिया। उन्होंने सोसलमीडिया पर पोस्ट साझा कर बताया कि हरतालिका तीज व्रत अखंड सुहाग के लिए महिलाएं निर्जल और निराहार व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की विधि–विधान से पूजा करती है।

# पोंजी कंपनी मां मीडिया हाउस के खिलाफ निवेशकों ने किया बड़ा प्रहार

अयोध्या। पोंजी कंपनी मां मीडिया हाउस के खिलाफ जनपद अयोध्या समेत उत्तर प्रदेश भर से आए तमाम निवेशकों ने आज गुलाब बाड़ी पार्क में बैठक उपरांत जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन के माध्यम निवेशक गणों ने मांग की है कि पोंजी कंपनी मां मीडिया के संचालक राहुल मिश्रा जो कि पैरोल के बाद से फरार है व उसका पिता श्याम जी मिश्रा, पत्नी कविता मिश्रा 'मीनू', भाई पंकज मिश्रा जो कि मां मीडिया कंपनी चलाते थे सभी ने निवेशकों को नौकरी, लाभांश,व्यापार का प्रलोभन देकर लगभग 400 करोड़ की ठगी की। और सितंबर 2019 के बाद भूमिगत हो गए और अब अपना पैसा वापस मांगने पर जानमाल की धमकी देते हुए बेइज्जत करते हैं और पैसा ना देने की बात करते हैं। जबकि सभी को तय समय पर रकम वापसी की रसीद चेक आदि भी साक्ष्य के रूप में दिए गए थे। विदित हो कि मां मीडिया हाउस के संचालक राहुल मिश्रा आदि को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलने की तैयारी कर रहा है ताकि इन सभी की जल्द गिरफ्तारी कर व ईडी, सीबीआई से जांच करा कर इनकी सारी संपत्तियों को जप्त कर निवेशकों का पैसा जल्द से जल्द लौटाया जा सके। ज्ञापन के माध्यम से सभी निवेशकों ने प्रशासन से अपील की है कि यदि 1 सप्ताह के भीतर इन सभी की गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी कर व निवेशकों का पैसा वापस करवाने की कार्यवाही प्रारंभ नही होती है तो सभी निवेशक 16 सितंबर से गांधी पार्क में आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस अवसर पर हर्ष जयसवाल, आदित्य मोहन , रोहित जायसवाल, मनीष जयसवाल,अनुपम अग्रवाल, एडवोकेट एससी मिश्रा, इंद्र प्रताप सिंह, विभोर साहू,दीपक साधवानी,गोविंद पांडेय, आनंद, धर्मेंद्र, अमितेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार तिवारी, वीरेंद्र तिवारी समेत सैकड़ों निवेशक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छुट्टा साड़ों व महंगाई के विरोध में सपा ने किया प्रदर्शन

## अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर दिया धरना

मिल्कीपुर–अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद ने बृहस्पतिवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर किसानों की फसल साड़ों से बचाने के लिए तथा बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाने के लिए एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद की अगुवाई में की गई। धरना प्रदर्शन में मौजूद लोगों से श्री प्रसाद ने कहा कि प्रदेश भर में छुट्टा जानवरों के चलते किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं लेकिन प्रदेश सरकार इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर तहसील क्षेत्र समेत जिले के किसान प्रदेश सरकार से बेहद खफा हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार बैठे हैं। इतना ही नहीं यह भी कहा मेरी सरकार बनते ही कि जिन किसानों को छुट्टा साड़ों के मारने से से मौत हुई है उनके बच्चों को पांच लाख रुपए दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में शामिल हुए गोसाईगंज विधानसभा के पूर्व विधायक अभय सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार विद्यालयों को बंद करके 2 वर्षों से ऑनलाइन पढ़ाई कराने में जुटी है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र से पठन–पाठन करने वाले छात्र छात्राओं के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं है यदि छात्रों के पास मोबाइल या लैपटॉप है भी तो नेटवर्क की दिक्कत से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। सात वर्ष पूर्व सपा सरकार ने छात्र छात्राओं को पठन–पाठन करने के लिए लैपटॉप दिया हुआ था। भाजपा सरकार सड़क का लोकार्पण नहीं कर रही है राशन वितरण वाले झोले का लोकार्पण कर रही है। भ्रष्टाचारी अधिकारियों की जांच सरकार बनने के बाद इओ डब्ल्यू तथा विजिलेंस से कराई जाएगी। हम लोग ज्ञापन नहीं देंगे सिर्फ सरकार को उखाड़ फेंक देंगे। इसी क्रम में रुदौली के पूर्व विधायक रुश्दी मियां समेत सपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने छुट्टा जानवरों तथा महंगाई पर जमकर बरसाते हुए कहा कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ जुट जाना होगा। एक बार अगर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बन गई तो उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनने से कोई रोक नहीं सकता। समाजवादी पार्टी के मीडिया प्रभारी मिल्कीपुर लवलेस पांडे ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह ने की इस मौके पर जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव, जिला महासचिव बख्तियार खान, देवकाली पीठ के महंत गौरव पाठक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा डॉ आशीष सिंह "राका" रोली यादव ,विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, माखन लाल यादव, रामतेज यादव, भगवती सिंह ,आजाद सिंह, शशांक शुक्ला, जय सिंह राणा, ऋतुराज पांडे, सुनील कुमार, पारसनाथ यादव, सूबेदार सिंह, शंभूनाथ सिंह, सुमित सिंह , वेद प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

## झूठे वायदा करती है भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकारः नरेश उत्तम पटेल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। किसान नौजवान पटेल यात्रा पर निकले समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद नरेश उत्तम पटेल सहित पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, एमएलसी संतोष कुमार उर्फ सन्नी यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चिनकू यादव, मणीन्द्र मिश्रा "मशाल", सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, मुरली प्रसाद मिश्रा का शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सिरवत, कपिया, गौहनिया आदि विभिन्न स्थानों पर फूल–मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। मुख्य द्वार पर ही कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव सहित स्थानीय नेताओं के जमकर नारे लगाए। साथ ही कस्बा स्थित स्कालर्स स्कूल के प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद नरेश उत्तम पटेल को सेना के रिटायर्ड जवान गोपाल प्रसाद ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिवादन किया। साथ ही मंचासीन रहे लोगों का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भगवान बुद्ध की





प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम को सम्बोधित को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, समाज के गरीबों, अल्पसंख्यकों के हितों के लिये कोई कार्य नहीं किया। पिछले 4 वर्ष में गन्ना किसानों का एक रूपया भी मूल्य नहीं बढाया गया जबकि खाद, कीटनाशक, डीजल–पेट्रोल, गैस आदि के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होने समाज के सभी वर्गो का आवाहन किया कि समाज में घृणा, नफरत फैलाने वाली भाजपा को आने वाले विधानसभा के चुनाव में सिरे से नकार दें। भाजपा के कार्यकाल में कोरोना के दौरान जिस प्रकार से इंसानियत के साथ मजाक हुआ ऐसा कभी नहीं हुआ था। भाजपा नेताओं का झूठ अब प्रदेश की जनता समझ चुकी है। यात्रा के दौरान जिस प्रकार से लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे तंय है कि समाजवादी पार्टी जनता के सहयोग से सरकार बनाने जा रही है। एमएलसी संतोष कुमार उर्फ सन्नी यादव एवं पूर्व मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने पूर्व सपा प्रत्याशी उग्रसेन सिंह की तारीफ करते हुए सपा की नीतियों को लोगों के सामने रखा। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। विधान सभा प्रभारी उग्रसेन सिंह ने पूर्व मंत्री स्व० दिनेश सिंह एवं पूर्व विधायिका लालमुन्नी सिंह के कार्यों को याद करते हुए की जिस तरह से पिता ने शोहरतगढ़ विधान सभा में कार्य किया था, वैसा कार्य इस विधान सभा में कभी नही हुआ। पिता की भाँति यह भी जीवन आपके लिए समर्पित रहेगा। कोटेदार की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सपा नेता उग्रसेन सिंह ने स्थानीय विधायक चौधरी अमर सिंह व प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय मे कोटेदारों से वसूली हो रही है। उनकी सुनने वाला कोई नही है। समय की व्यस्तता के कारण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चिनकू यादव, मणीन्द्र मिश्रा "मशाल", सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, मुरली प्रसाद मिश्रा को बोलने का मौका नही मिला। कार्यक्रम की शुरुआत में ही शिक्षक नेता पप्पू यादव ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मुख्य अतिथि को ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी एवं विधान सभा अध्यक्ष हरि नरायन यादव ने किया। गीत के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामसजीवन पाण्डेय ने कहा कि शोहरतगढ़ के कई दावेदार है, लेकिन मुलायम सिंह यादव ने दिनेश सिंह के परिजनों को टिकट देने का वायदा किया है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आये हुए लोगों को बहरूपियों से सावधान रहने की भी नसीहत दे डाली। बसपा, कॉंग्रेस सहित बिना नाम लिए ही भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए महगाई, रोजगार और सड़कों की खराब व्यवस्था पर कहा कि अगर वे, वाकई जोगी है तो माया से उन्हें विरक्त हो जाना चाहिए। जोगी के लिए माया और कुर्सी शोभनीय नही है। साथ उन्होंने कहा कि सड़कों की हालत खराब है। गोरखपुर जाने वाली सड़को पर नाव चल रही है। इसी क्रम में मोहम्मद जुनैद ने भी गीत के माध्यम से शमा बाँधने का कार्य किया। इस दौरान सपा के रामू यादव, विक्रम यादव, प्रधान महथा मो० असीम उर्फ नय्यर, प्रधान अजीज, बेचई यादव, बलिराम यादव, डब्लू सिंह, गुड्डू सिंह, रामिलन चौधरी, इब्राहिम प्रधान, अली अहमद, बदरे आलम, जगदीश प्रधान, शिवकरन, राजेन्द्र यादव प्रधान, मंगनी यादव, विजय प्रधान, गोपाल प्रसाद, वकील खान, हेमन्त गौतम, पूर्व प्रधान मल्हू यादव, रामसहाय, शिवमूरत, शिवनारायण, पूर्व प्रधान अर्जुन चौधरी, मोहम्मद आरिफ खान, घनश्याम पाण्डेय, विष्णु कुमार उमर, शहजाद अंसारी, राहुल यादव, शोएब खान, महेश यादव, अभिषेक यादव, नागेश्वर मिश्रा, पूर्व प्रधान सिरवत अतुल जायसवाल, प्रधान प्रसून शुक्ला, दिलीप मणि त्रिपाठी, अशफाक पटेल, अब्दुल वाहिद, सदन पाण्डेय सहित युवजन सभा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासी तलाश रहे हैं ऊँचे स्थान

### ग्राम प्रधान ने ग्रामवासियों को खरीद कर दी एक नाव, जिससें लोगों का हो रहा आवागमन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेचुका के लोग जलमग्ता के कारण अपने से घरों से ऊचे स्थान पर जाने को मजबूर है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मेचुका में लगभग 1600 की आबादी वाले गाँव में सरकारी मदद से ब्लॉक से एक नाव मिली है। एक नाव से इतनी बड़ी समास्या दूर नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायत मेचुका के वर्तमान प्रधान सुजीत सिंह ने सोमवार को अपने ग्राम पंचायत मेचुका के लिए एक नाव खरिद कर लाए जिससे ग्राम पंचायत के जो लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं वह सही सलामत ऊंचे स्थान पर पहुंच सके। समस्या इतना विकराल रूप धारण कर चुकी है कि आवागमन के लिए नाव का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

## स्वतंलता आंदोलन की लड़ाई मे पंडित गोविंद बल्लभ पंत की रही महत्वपूर्ण भूमिका

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। तहसील डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के गृह मंत्री थे, जिन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में उनके द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया था। तहसील कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित गोविंद गोविंद बल्लभ पंत को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि समर्पित की गई। तथा उनके महान कार्यो को याद किया गया उक्त समारोह में उप जिलाधिकारी डुमरियागंज, तहसीलदार डुमरियागंज ,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य विद्वान अधिवक्ता के साथ ही क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ से बचाव की दी जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक परिसर में बाढ़ से पूर्व की तैयारी



व प्रतिक्रिया विषयक प्रशिक्षण बीडीओ संजय कुमार व एडीओ पंचायत विवेक मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में एन.डी.आर.एफ. टीम द्वारा बाढ़ से बचाव, रोड एक्सीडेंट, चोट लगने पर क्या प्राथमिक उपचार देना चाहिए इसके बारे में भी बताया गया, सर्पदंश, भूकंप से निपटने के तरीको के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एन डी आर एफ की संरचना एवं कार्यशैली व आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया, तत्पश्चात मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए आपदा से पूर्व, दौरान और बाद में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी तथा बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा हेतु स्थानीय संसाधनों से निर्मित रक्षक जैकेट बनाने का तरीका, सांप काटने पर दीये जाने वाले प्राथमिक उपचार तथा भूकंप, भूस्खलन जैसी आपदाओं में घायल हुए व्यक्तियों को अस्पताल से पूर्व चिकित्सा के बारे में बताया गया। आपदा के दौरान या सामान्य जीवन में चोट लगने पर प्राथमिक उपचार जैसे ड्रेसिंग, बैंडेज, खून का बहाव रोकना, फैक्चर को स्थायित्व प्रदान करना, जीवन रक्षक सीपीआर का प्रशिक्षण, घायल व्यक्ति को एंबुलेंस या हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए घरेलू सामानों के द्वारा स्ट्रेचर बनाने का तरीका, डूबे हुए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने का तरीका, आकाशीय बिजली से बचने का तरीका बताया गया। इस दौरान राकेश प्रसाद मिश्र अवर अभियंता, अनुपम शेखर तिवारी सलाहकार आपदा प्रबंधन सिद्धार्थनगर, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल ग्राम प्रधान व ब्लॉक स्तर के अन्य कार्मिक शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में किसान पटेल यात्रा लेकर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को अटेवा की जिला संयोजिका कल्पना, जिला संगठन मंत्री दधीचि कुमार के साथ अटेवा संगठन ब्लॉक इकाई शोहरतगढ़ की तरफ से पुरानी पेंशन बहाली व आकांक्षी जनपद से शिक्षकों के स्थानांतरण आदि की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि अप्रैल 2005 के बाद उत्तर प्रदेश में सरकारी सेवा में आने वाले सभी विभागों के कार्मिकों को रिटायरमेंट के बाद भरण पोषण के लिए मिलने वाली गारंटेड पेंशन को बंद करके उसके स्थान पर शेयर बाजार आधारित नई अंशदाई पेंशन योजना लागू की गई है। विगत कुछ वर्षों में इस योजना के तहत रिटायर कार्मिकों को 700



से 2000 तक पेंशन मिल रही है, इतनी कम पेंशन में बुढ़ापा काटना कितना दुष्कर हो गया है। ऐसे में प्रदेश के लगभग 15 लाख पुरानी पेंशन से वंचित सरकारी कर्मचारियों को बुढ़ापे में मिलने वाली पुरानी पेंशन बहाल कराने एवं बेतहाशा हो रहे निजीकरण को रोकने का एजेंडा अपनी पार्टी के घोषणा पत्र में सम्मिलित कर इस समस्या को हर मंच पर इस मुद्दे को उठाने के लिए आग्रह किया। सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि देश की सरकार द्वारा संविधान में वर्णित लोककल्याणकारी राज्य की अवधारणा के विपरीत देश की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों एवं स्थानों का बहुत तेजी के साथ निजीकरण किया जा रहा है। जनसंख्या के सापेक्ष सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाएं पहले से ही कम हैं उनकी क्षमता बढ़ाने के बजाय उन्हें बेचा जा रहा है इससे भविष्य में देश पर निजी क्षेत्र के उद्योगपतियों का नियंत्रण बढ़ने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान अटेवा की जिला संयोजिका कल्पना जिला संगठन मंत्री दधीचि कुमार, ब्लॉक इकाई से ब्लॉक संयुक्त मंत्री पप्पू यादव, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद आमिर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, मंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामाश्रय लाल, कार्यकारिणी सदस्य पंकज कुमार जायसवाल, सुरेंद्र यादव, संरक्षक मुस्तन शेरउल्लाह एवं प्रवीण यादव, सौरव मिश्रा, चेतन मणि त्रिपाठी, शनी कनौजिया, चंद्रेश प्रकाश, आशीष कुमार, सुमित कुमार, आनंद कुमार, शिवकुमार पटेल, यदुवेन्द्र यादव, शशी यादव, अमित कुमार, राहुल, यशवंत चौहान, मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, संदीप शुक्ला, सन्तोष कुमार, अरविंद यादव, जय प्रकाश यादव, प्रवीण कुमार यादव आदि शिक्षक ज्ञापन देने में शामिल रहे।

## उपमुख्यचिकित्साधिकारी डॉक्टर सौरभ ने किया पीएचसी का उद्घाटन



अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। विकास खंड उसका बाजार के उपकेंद्र सजनी और पीएचसी सेमरहना में उपमुख्यचिकित्साधिकारी डॉक्टर सौरभ ने उद्घाटन किया ग्रामीणों को 7 किलो मीटर की दूरी पर जाना पड़ता था इलाज के लिए ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था अब उपकेंद्र खुल जाने से महदेवा, चौरासी,विनायक, गरगौलिया, हरैया,सजनपार आदि गांव को अब समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा उसके साथ पीएचसी सेमरहना का उद्घाटन सीएचसी उसका बाजार के अधीक्षक अविनाश चौधरी ने किया साथ में ग्राम प्रधान गिरीश चंद जायसवाल, डॉक्टर आनंद गुप्ता,समीर सिंह,एनएम सोना, सीमा भारती,आशा ,गीता गौड़, उषा देवी, रीता देवी, आराधना गुप्ता , बीपीएम मनीष पांडेय, बीसीपीएम कृष्ण मोहन पांडेय आदि लोग रहे मौजूद।

## पुलिस लाइन सभागार में मनाया गया पंत की जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एएसपी सुरेश चंद्र रावत की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में भारत रत्न पं0 गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती का आयोजन किया गया। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान असहयोग आंदोलन, साइमन कमीशन के बहिष्कार व नमक सत्याग्रह में इनके योगदान को स्मरण किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व देश के चौथे गृहमंत्री के रूप में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक ब्रह्मदेव उपाध्याय मय स्टाफ के मौजूद रहे।



## पीजी यस यस और यसबीआई फाउंडेशन ने वितरित किया बाढ़ राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोहास/सिद्धार्थनगर। एस बी आई फाउंडेशन और पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा दुर्जनपुर, धौरीकुइयाँ के कुढ़वा,चिलेदर्रा ग्रांट, महुवरिया, में कुल 175 व्यक्तियों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित किया गया। जिसे पाकर पीड़ित व्यक्ति राहत महसूस कर रहे हैं। मालूम हो कि अभी हाल ही में क्षेत्र में भीषण बाढ़ के वजह से खेत खलिहान डूबा ही था। बावजूद इसके बहुत से घरों में बढ़ का पानी घुस गया था। बाढ़ के वजह से कई गांव घिरे हुए थे। लोग दैनिक उपयोग की वस्तुएं नहीं पा रहे थे। ऐसी स्थिति में भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन और पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुर्जनपुर, धौरीकुइयाँ के कुढ़वा, महुरैया, चिलेदर्रा ग्रांट आदि में 175 पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री के रूप में चूरा, चना, दाल, चीनी, आंटा, मोमबत्ती, माचिस, मसाला आदि सामान गोरखपुर निदेशक जैसन, सेंट जेवियर्स इंटर कॉलेज भीमापार प्रधानाचार्य फादर डोमनिक सहायक फादर लीजो,पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति नौगढ़ के इंचार्ज सिस्टर ब्रिजिट ,एस बी आई कोवर्डिनेटर अंकित एवं सहयोगी बालाकान्त, घनश्याम सिंह,सोहित, के अलावा ग्राम प्रधान पारस नाथ यादव, प्रभावती, अब्दुल लतीफ, अब्दुल वाहिद, सुगन्ता देवी, गीता, राजेन्द्र प्रसाद, राम उजागिर, अर्जुन, सुखराम, फूलमती, जालिम, मुन्नीदेवी, उषादेवी चन्द्रावती, बुद्धिराम आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉक्टर भास्कर शर्मा को मिला इंटरनेशनल आईकॉन अवॉर्ड

## डॉ शर्मा अब तक बना चुके हैं 30 दर्जन से अधिक विश्व रिकार्ड

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सा व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को 29 अगस्त 2021 को मध्यप्रदेश में सीबीजी एजुकेशन इंटरनेशनल महाराष्ट्र तथा बैक पीपुल कैंसिल ने डॉक्टर भास्कर शर्मा को इंटरनेशनल आईकॉन अवॉर्ड 2021 तथा एक लाख रुपए के पुरस्कार मिला है यह पुरस्कार संस्था अध्यक्ष डॉ बी के बजाज तथा ज्योति बजाज ने दिया है यह पुरस्कार सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉ भास्कर शर्मा को उनके द्वारा होम्योपैथी में किए गए शोध कार्यो व उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है सअभी हाल ही में यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा 19 मार्च को भी डॉक्टर भास्कर शर्मा को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया हैस डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप जी ने अपने राष्ट्रपति



भवन से प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है, इतना ही नहीं डॉक्टर शर्मा को गूगल ने बेस्ट रिसर्च स्कॉलर का भी प्रमाण पत्र दिया हैस डॉ शर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी ने सर्जना पुरस्कार के साथ बीस हजार रुपए का पुरस्कार भी प्रदान किया था सइसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी गोवा, होम्योपैथी रत्न, चिकित्सा रत्न सम्मान प्राप्त कर चुके हैं सअवार्ड मिलने की खुशी में डॉ अमित, डॉ सुमित,डॉ मनोज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र गिरी, रामफेर यादव,कृष्ण कुमार पाठक, संतोष कुमार ,महेश कुमार, संजय त्रिपाठी, कृष्णा लाल यादव,ममता उपाध्याय, बिलाल अहमद, अमन श्रीवास्तव, सफातुल्लाह, मुकेश विश्वकर्मा, अंकुश प्रजापति आदि लोगों ने बधाइयां दीस –डॉ शर्मा अब तक पा चुके हैं देश–विदेश से 46 दर्जन से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवार्ड डॉ शर्मा लिख चुके हैं 13 दर्जन से अधिक पुस्तकें –डॉ शर्मा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला एक लाख रुपए का पुरस्कार

## आरोपित के घर पर चस्पा हुआ नोटिस

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। महराजगंज पुलिस ने उसका थानाक्षेत्र के मोहल्ला



मधुरी निवासी सबीर उर्फ इलाही बक्स पुत्र अलाउद्दीन के घर पर लूट कांड में आरोपित के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर घर पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गयी। शुक्रवार को महराजगंज की पुलिस ने आरोपित के घर पर नोटिस चस्पा किए हैं। उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर नोटिस तामील कराई गई। पुलिस ने वारंट का डुग्गी बजाकर अभियुक्त के घर व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया गया निर्धारित समय में आरोपी पेश नहीं होते तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी साथ में उसका बाजार की पुलिस की मौजूदगी में कार्यवाही की गई। टीम में राधेश्याम सिंह,मुसाफिर यादव, इमरान खान,अनूप कुमार चौबे मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**जिन दो लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं, वे किशोर के संपर्क में आये उन बीस लोगों में शामिल थे, जो जोखिम वाली स्थिति में माने जा रहे थे। दरअसल, मलेशिया में 1998 में निपाह नामक जगह में मिलने वाले वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन तेजी से उभरते वायरस के रूप ...**

## दोहरी चुनौती

पहले ही कोरोना की मार से बुरी तरह प्रभावित केरल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां तेजी से कोरोना संक्रमण हुआ है। प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या पूरे देश के कुल आंकड़ों के आधे से अधिक है। दरअसल, पिछले माह त्योहारों के दौरान कोरोना पाबांदियों में छूट दिये जाने के बाद कोरोना संक्रमण के मामलों में अप्रत्याशित तेजी आई है। हालांकि, केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों की अवहेलना की थी, जिसमें कोरोना कर्फ्यू में तीन दिन की छूट न देने को कहा गया था। कभी पूरे देश में कोरोना नियंत्रण की मिसाल बने केरल में फिर कोरोना संकट भयावह हो गया। दरअसल, केरल अब दोहरे संकट में घिरा है। केरल के कोझिकोड में खतरनाक निपाह वायरस के चपेट में आने से एक बारह वर्षीय लड़के की मौत हुई है। ऐसे में कोरोना संकट से मुक्त होने की जद्दोजहद में जुटे केरल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह एक ऐसी आपदा की दस्तक है, जिसका दुनिया में कोई इलाज मौजूद नहीं है और जिसमें मृत्यु दर बेहद अधिक है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि संकट की आहट पाते ही केंद्रीय विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल केरल पहुंचकर समन्वय स्थापित कर रहा है। वहीं राज्य सरकार आपातकालीन उपायों के तहत मरीज के संपर्कों की तलाश, सचेत करने तथा पृथकवास में तेजी दिखा रही है। किशोर के संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान की गई है, उनके घरों के आसपास सतर्कता बढ़ायी गई है। चिंता की बात यह है कि निपाह वायरस से संक्रमितों में मृत्युदर सत्तर फीसदी है और इसकी कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ इसके प्रसार को शुरुआती दौर पर ही रोका जाना चाहिए, ताकि यह फिर महामारी का रूप ग्रहण न कर सके। बीते वर्षों में केरल सरकार इस वायरस को स्थानीय स्तर पर ही रोक पाने में सफल हुई थी। ऐसे में समय रहते इसके संक्रमण को रोकने के लिये सतर्कता ही कारगर उपचार है। वर्ष 2019 में राज्य ने समय रहते इस वायरस पर काबू पाया था। दरअसल, पहले रोगी के लक्षणों का निदान जरूरी होता है और फिर संक्रमण नियंत्रण के प्रोटोकॉल को लागू करना। निस्संदेह, पिछले अनुभव का लाभ केरल सरकार के लिये मददगार साबित होगा। वर्ष 2018 में राज्य में सामने आये निपाह वायरस के 18 मामलों में सत्रह लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने भविष्य की चुनौतियों के लिये बीते अनुभव के आधार पर रणनीति तैयार की। वैसे तो कोविड–19 की चुनौती से जूझ रहे केरल में मास्क पहनने, सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ ही संक्रामक महामारी के निवारक उपायों के प्रति व्यापक जागरूकता आई है। केरल से लगे राज्यों की सीमाओं को सील करने की जरूरत है, इस दिशा में तमिलनाडु में खासी सतर्कता बरती जा रही है। निस्संदेह अन्य राज्यों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जिन दो लोगों में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनकी व्यापक देख–रेख की जरूरत है। वैसे नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की टीम राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग को तकनीकी सहयोग उपलब्ध करा रही है, फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं राज्य सरकार भी संक्रमण से मरे किशोर के संपर्क में आये लोगों पर व्यापक निगरानी रखे हुए है। जिन दो लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं, वे किशोर के संपर्क में आये उन बीस लोगों में शामिल थे, जो जोखिम वाली स्थिति में माने जा रहे थे। दरअसल, मलेशिया में 1998 में निपाह नामक जगह में मिलने वाले वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन तेजी से उभरते वायरस के रूप में देखता है।

## उन्नति की आस से परजीवियों का विकास

पूरन सरमा

हमारे देश को विकास की रट आजादी के बाद ही लग गई थी। जो भी सत्ता में आया उसने विकास का नारा दिया। आप विकास चाहें या न चाहें परन्तु सरकार ने कहा कि विकास तो कराना ही होगा। विकास नहीं होगा तो सरकार के कार्यक्रम और योजनाओं का क्या होगा? सो विकास की मारामारी ऐसी चली कि विकास चल निकला। हम विकासशील हो गये। कोई क्षेत्र इस छूत से अछूता नहीं रहा।

यही विकास एक दिन मेरे गांव भी आ गया। नये चंद सिरफिरों को पसन्द भी आ गया। उन्हें लगा कि विकास की यह प्रक्रिया अपनाई जा सकती है, इसलिए वे भी विकासशील हो गये। इसे अपनाने वाले वे लोग थे जो बेकार थे, जिनके हाथ खाली थे। उन्होंने विकास को आजीविका के रूप में अपना लिया। वह विकास ही किस काम का जिसे अपनाने से सर्वप्रथम स्वयं का कल्याण न हो। बस दनादन पुख्ता मकानों की नींव धरी जाने लगी। अकाल अलग हो गया–इसलिए नेताजी ने जो राहत भेजी उसका खून गांव के विकासशीलों के मुंह लग गया। इस तरह वे आबाद हो गये। गांव के विकास के लिये श्नवयुवक मण्डलञ्च नाम से एक संस्था का गठन किया गया। जो चंद लोग शहर में विकास की चकाचौंध देख आये थे–वे तमाम उसके सदस्य थे।

मण्डल की पहली बैठक हुई तो उसके एजेंडा मेंकृमेरा नाम स्थानान्तरित कराये जाने वाले लोगों में शामिल था। मैं घबरा गया कि यह नवयुवक मण्डल का गठन क्या मेरे लिए ही किया गया है। दौड़ कर मैं विकासशीलों के अध्यक्ष से मिला और बोला, श्अमां यार तुम हमारे गांव के हो और हमारा ही तबादला करवा रहे हो। गांव में पड़े हैं। अपने बच्चों का लालन–पालन कर रहे हैं, यदि तबादला हो गया तो सारा घर अव्यवस्थित हो जायेगा। अध्यक्ष जी तो विकास की लहर के शिकार थे सो बोले, श्गांव के विकास के लिए आपका इस गांव से स्थानान्तरण अत्यावश्यक है। मण्डल की बैठक में भी यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया है, इसलिए अब कुछ नहीं किया जा सकता।ञ्च श्लेकिन मैं विकास में आड़े कहां आ रहा हूं और मैंने बिगाड़ा क्या है?ञ्च मैंने पूछा। वे बोले, श्विकास में तुम ही तो सबसे बड़ी बाधा हो। दरअसल आपने ईमानदारी का प्रमाण–पत्र ले रखा है और हमें ईमानदारों से डर लगता है। स्कूल में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसका सारा हिसाब–किताब आपके पास है। आप पूरी ईमानदारी से उसे निपटाते हैं। तीन वर्ष से कोई घपले के चांसेज नहीं मिल रहे हैं। लेकिन इसमें मैं बाधा कहां उत्पन्न कर रहा हूं। यदि मैं हिसाब–किताब सही रखता हूं तो इसमें विकास को बल ही मिलेगा। पूरा पैसा विकास में लगेगा।ञ्च मैंने कहा। इसका मतलब आप विकास का अर्थ ही नहीं जानते। मैं तो विकास का अर्थ यही जानता हूं कि जन–कल्याण अधिक–से–अधिक हो तथा लोगों को सभी प्रकार की सुख–सुविधाएं मिलें।ञ्च मैंने कहा। इस पर वे दांत पीस कर बोले, श्तो फिर आप अपने इस गांव से बोरिया–बिस्तर बांध लीजिये।

## ग्रहों के चंद्रमाओं पर जीवन की उम्मीद

**उनके अध्ययन के नतीजों से पता चलता है कि चंद्रमा की सतह पर मौजूद पानी की मात्रा हमारे ग्रह के समुद्रों के कुल आयतन से करीब 10000 गुणा कम होगी लेकिन पृथ्वी के वायुमंडल में विद्यमान पानी से 100 गुणा अधिक होगी। इतना पानी जीवन के विकसित होने और पनपने के लिए पर्याप्त है। जिस मश्वडल से यह निष्कर्ष निकाला गया, उसमें बृहस्पति के आकार के एफएफपी और पृथ्वी ...**

मुकुल व्यास

खगोल वैज्ञानिक पिछले काफी समय से शनि और बृहस्पति के चंद्रमाओं पर जीवन के चिन्ह तलाश रहे हैं। उन्होंने सौरमंडल के बाहर दूसरे ग्रहों के चंद्रमाओं पर भी जीवन होने की संभावना व्यक्त की है। इन चंद्रमाओं पर जीवन के लिए उपयुक्त माहौल की तलाश करते हुए उन्होंने एक नयी खोज बृहस्पति के चंद्रमा गैनिमीड के बारे में की है। नासा के हबल टेलीस्कोप द्वारा जुटाए गए ताजा और पुराने आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद उन्होंने गैनिमीड के वायुमंडल में जल वाष्प की मौजूदगी के प्रमाण खोजे हैं। यह जल वाष्प उस समय बनते हैं जब चंद्रमा की सतह की बर्फ ठोस अवस्था से गैस में परिवर्तित होती है। गैनिमीड हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा चंद्रमा है। पिछले अध्ययनों से पता चला था कि इस पिंड पर मौजूद पानी की मात्रा पृथ्वी के समुद्रों के पानी से भी ज्यादा है। बहरहाल वहां का तापमान इतना ठंडा है कि सतह का पानी बर्फ बन चुका है। गैनिमीड का समुद्र सतह से 160 किलोमीटर नीचे है। अतरू जल वाष्प निश्चित रूप से समुद्र के वाष्पीकरण की वजह से नहीं है। खगोल वैज्ञानिकों ने जल वाष्प का प्रमाण खोजने के लिए हबल टेलीस्कोप द्वारा पिछले दो दशकों में किए गए सर्वेक्षणों की दुबारा से जांच की। हबल के इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ ने 1998 में गैनिमीड की पहली अल्ट्रावॉयलेट तस्वीर खींची थी। इसमें विद्युतीकृत गैस के दो रंगीन रिबन दिखे। ये इस बात के प्रमाण थे कि गैनिमीड पर कमजोर चुंबकीय क्षेत्र मौजूद है।

खगोल वैज्ञानिकों ने गैनिमीड को विस्तृत छानबीन के लिए इसलिए चुना क्योंकि यह बर्फीले पिंडों के विकास और जीवन के लिए उनकी उपयुक्तता के अध्ययन के लिए एक कुदरती प्रयोगशाला है। वैज्ञानिक यह भी जानना चाहते हैं कि बृहस्पति के विभिन्न उपग्रहों की प्रणाली के अंदर इसकी क्या भूमिका है और बृहस्पति तथा उसके वायुमंडल के साथ उसकी विशिष्ट चुंबकीय क्रिया किस तरह से होती है। नासा का जूनो मिशन इस समय गैनिमीड की नजदीक से पड़ताल कर रहा है। हाल में उसने बर्फीले चंद्रमा की नयी तस्वीरें भी भेजी हैं। जूनो 2016 से बृहस्पति और उसके चंद्रमाओं का अध्ययन कर रहा है। बृहस्पति के अध्ययन के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले साल जूस (जुपिटर आईसी मूंस एक्सप्लोरर) मिशन भेजने की योजना बनाई है। यह यान 2029 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यह वहां तीन साल के प्रवास के दौरान बृहस्पति और उसके तीन बड़े चंद्रमाओं का विस्तृत सर्वेक्षण करेगा। उसका मुख्य फोकस गैनिमीड पर होगा। बृहस्पति और उसकी चंद्रमा प्रणाली के अध्ययन से हम यह बेहतर ढंग से समझ सकते हैं कि बृहस्पति जैसे विशाल गैसीय ग्रहों और उनके चंद्रमाओं का विकास कैसे होता है तथा वहां आवास योग्य माहौल किस तरह निर्मित होता है। इससे बृहस्पति जैसे बाहरी ग्रहों की आवास योग्यता पर भी नयी रोशनी डाली जा सकती है।

हमारे ब्रह्मांड में ऐसे ग्रहों की संख्या अनगिनत है, जिनका कोई मेजबान तारा नहीं है लेकिन ऐसे ग्रहों के आसपास कई चंद्रमा हैं। वैज्ञानिकों का ख्याल है कि इन चंद्रमाओं पर वायुमंडल हो सकता है। जर्मनी में म्यूनिख के लुडविग मैक्सिमिलन विश्वविद्यालय (एलएमयू) के खगोल भौतिकविदों ने हिसाब लगाया है कि ऐसे चंद्रमाओं पर समुचित मात्रा में पानी की मौजूदगी हो सकती है। इतना पानी जीवन के निर्माण और जीवन के पनपने के लिए पर्याप्त होगा। पानी का तरल रूप जीवन के लिए अमृत है। इसी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ। हमारे ग्रह पर समस्त जैविक प्रणालियों के निरंतर अस्तित्व के लिए इसकी मौजूदगी अनिवार्य है। यही वजह है कि वैज्ञानिक ब्रह्मांड के दूसरे ठोस खगोलीय पिंडों में पानी की मौजूदगी के प्रमाण खोजते रहते हैं। अभी तक पृथ्वी के अलावा दूसरे ग्रहों पर तरल जल की उपस्थिति का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला है। बहरहाल हमारे अपने सौरमंडल के बाहरी हिस्सों में कई चंद्रमाओं पर सतह के नीचे समुद्र होने के संकेत जरूर मिले हैं। इनमें शनि के एन्सेलेडस चंद्रमा और बृहस्पति के तीन चंद्रमाओं–गैनिमीड, कैलिस्टो और यूरोपा का उल्लेख कई बार किया जा चुका है। यदि हमारे सौरमंडल के चंद्रमाओं पर पानी होने की संभावना है तो सौरमंडल के बाहर दूसरे ग्रहों के चंद्रमाओं पर भी पानी की मौजूदगी संभव है।

एलएमयू के खगोल भौतिकविदों प्रो. बारबरा एर्कोलानो और डॉ. टोम्मासो ग्रासी ने चिली के कॉन्सेप्सिओन विश्वविद्यालय के सहयोगियों के साथ मिल कर एक बाहरी चंद्रमा के वायुमंडल और उसकी दूसरी रासायनिक विशेषताओं के अध्ययन के लिए एक मॉडल तैयार किया है। इसके लिए उन्होंने गणितीय विधियां अपनाईं। उन्होंने एक ऐसा चंद्रमा चुना जो स्वतंत्र रूप से विचरने वाले ग्रह का चक्कर लगाता है। खगोल वैज्ञानिक ऐसे ग्रह को श्फ्री–फ्लोटिंग प्लेनेटञ्च (एफएफपी) भी कहते हैं। स्वतंत्र रूप से विचरने वाले ग्रहों में खगोल वैज्ञानिकों की बढ़ती दिलचस्पी की वजह यह है कि ब्रह्मांड में ऐसे ग्रहों की भरमार होने के प्रमाण मिल चुके हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार हमारी मिल्की वे आकाश गंगा में जितने तारे हैं, उतने ही अनाथ ग्रह हैं, जिनका आकार बृहस्पति के बराबर है। मिल्की वे आकाश गंगा में करीब 100 अरब तारों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है और घुमक्कड़ ग्रहों की संख्या भी 100 अरब से ज्यादा है। एर्कोलानो और ग्रासी ने एक एफएफपी के इर्दगिर्द चक्कर लगाने वाले पृथ्वी के आकार के चंद्रमा के वायुमंडल की तापीय संरचना का अनुकरण करने के लिए एक कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया।

## पीली क्रांति को पुनर्जीवित करने का वक्त

**सनद रहे कि पाम अश्वयल का एक पेड़ रोजाना 300 लीटर पानी पी जाता है! अब इसको एक हेक्टेयर में लगने वाले पेड़ों से गुणा करने के बाद देखें तो यह प्रजाति एक तरह से भूमिगत पानी सोखने की मशीन है। इसलिए इससे पहले कि हम एक ओर पर्यावरणीय संकट में जा फंसे, श्मूल्य–मुनाफाश्च रेशो निकालने के लिए गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है। एक उद्योग विशेष के सुझाए मतलबी नुस्खे पर...**

देविंदर शर्मा

कुछ दिन पहले केंद्रीय कैबिनेट ने देश के अंदर पाम ऑयल का उत्पादन बढ़ाने को राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन–पाम ऑयल नामक योजना के अंतर्गत 11040 करोड़ मूल्य की प्रोत्साहन राशि को मंजूरी दी है ताकि इस आयातित खाद्य तेल पर निर्भरता कम हो सके। इस बाबत मैंने एक टेलीविजन चौनल पर हुई वार्ता में भाग लिया, जिसमें देश के खाद्य तेल उत्पादन के परिदृश्य पर चर्चा हुई थी। एक अन्य भागीदार, जो कि नीति आयोग के सदस्य हैं, ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पाम ऑयल पर आधारित देश की कुल मांग का 40 फीसदी से ज्यादा अंश देश में पैदा करने का है। यह बात हैरानी भरी है, यह जानते हुए कि स्वास्थ्य, पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी कारणों से पाम ऑयल विवादित रहा है।

यह पाकर कि पाम ऑयल अपेक्षाकृत सस्ता है, अक्सर विवेकहीन व्यापारी ज्यादा मुनाफा बनाने को स्थानीय उत्पाद और मांग के मुताबिक इसकी मिलावट अन्य उपलब्ध खाद्य तेलों में कर देते हैं। वैसे भी स्वास्थ्य के हिसाब से सही माने जाने वाले कुछ अन्य तेल जैसे कि सरसों, सूरजमुखी, मूंगफली, तिल, नारियल और नाइजर इत्यादि वह विकल्प हैं, जिन पर भारतीय रिवायती तौर पर निर्भर रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश भारतीय घरों में खाना पकाने में पाम ऑयल को ज्यादा तरजीह नहीं मिल पाई है। पाम ऑयल की ज्यादातर खपत जंक फूड, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, शृंगार और अन्य उपभोक्ता वस्तुएं जैसे कि शैम्पू, डिटर्जेंट, मोमबत्ती और टूथपेस्ट इत्यादि में होती है। फिर भी, आइए पहले जानते हैं कि पाम ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की यह प्रस्तावित योजना क्या है। प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार देश में वर्ष 2025–26 तक पाम ऑयल की खेती 10 लाख हेक्टेयर रकबे में करने का ध्येय है, आगे विस्तार करते हुए इसको वर्ष 2029–30 तक 16.7 लाख हेक्टेयर करना है। ज्यादातर नयी खेती पारिस्थितिकी रूप से नाजुक उत्तर–पूर्वी राज्य और अंडमान–निकोबार द्वीप समूहों पर होनी है। इसके लिए जरूरी मूल अवयवों पर सब्सिडी का प्रावधान करने के अलावा आरंभिक सालों में खाद पर आई लागत 100 फीसदी किसान को वापस मिलेगी, उत्पादकों को लुभाने के लिए न्यूनतम खरीद मूल्य की गारंटी का वायदा किया जा रहा है ताकि बाजार भाव में उतार–चढ़ाव का फर्क न पड़े। अस्थिरता–मूल्य की भरपाई पिछले पांच सालों के औसत थोक मूल्य सूचकांक को आधार बनाकर, इसमें 14.3 प्रतिशत जोड़कर होगी। उस मामले में, जहां कहीं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसान को वायदा मूल्य देने में असमर्थ होगा, सरकार की ओर से उद्योगों को सीपीओ मूल्य का दो फीसदी बतौर प्रोत्साहन दिया जाएगा। हालांकि भारत अपनी खाद्य तेल जरूरतों का लगभग 55 से 60 फीसदी हिस्सा आयात से पूरा करता है, मौजूदा समय में स्वदेशी उत्पादन और आयातित तेलों के बीच सालाना 75000 करोड़ का अंतर है। पाम ऑयल को बढ़ावा देने की घोषणा ऐसे वक्त पर हुई है जब पर्यावरण बदलाव पर अंतर–सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने बारम्बार वन कटाई और जैव–विविधता विनाश को अप्रत्याशित बनते मौसम का मुख्य कारक बताया है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि प्राकृतिक वर्षा से वनों को साफ करके एकल–फसल वाले पेड़ लगाने से न केवल अपने वजूद पर संकट झेल रही प्रजातियों का आशियाना उजड़ता है बल्कि इससे कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में भी इजाफा होता है। इंडियन कांउसिल फॉर फॉरेस्ट्री एंड एजुकेशन ने भी अपनी जनवरी 2020 की रिपोर्ट में जैव विविधता सपन्न क्षेत्रों में पाम ऑयल के पेड़ लगाने के विरुद्ध चेताया है। इसी बीच श्रीलंका ने नये पाम ऑयल पेड़ लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है और पुराने वृक्ष वक्त के साथ खत्म करने को कहा है। आर्थिक नजरिए से भले ही स्वदेशी पाम ऑयल उत्पादन को बढ़ावा देना समझदारी लग सकती है ताकि आयात पर भारी भरकम खर्च में कमी लाई जा सके, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा पाम ऑयल आयातक आखिर बना कैसे, जबकि वर्ष 1993–94 में खाद्य तेलों की कुल खपत का 97 फीसदी देश में ही पैदा होने से आत्म निर्भरता थी। वर्ष 1985–86 में तिलहन उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु शुरू किए गए तिलहन तकनीक मिशन के साथ घरेलू प्रसंस्करण उद्योग को सुदृढ़ किया गया, जिसे आगे चलकर श्पीली क्रांतिञ्च कहा गया। श्पीली क्रांतिञ्च से हासिल हुआ यह फायदा विश्व व्यापार संगठन की लगाई शर्तों का पालन करते हुए आयात शुल्कों में क्रमवार हुई कमी की वजह से जाता रहा। कृषि पर विश्व व्यापार संगठन की संधि के अनुसार भारत सोयाबीन तेल को छोड़कर शेष खाद्य तेलों पर आयात शुल्क 300 फीसदी रखने को बाध्य है। लेकिन इतना उंचा शुल्क रखने की छूट मिलने के बावजूद आयात–लॉबी और देश के श्मुख्यधारा अर्थशास्त्रियोंञ्च के दबाव के कारण आयात शुल्क घटा दिए गए। यहां तक कि एक समय आयात शुल्क लगभग शून्य हो गया था। इससे आयातित खाद्य तेल का सैलाब आ गया और घरेलू तिलहन उत्पादकों को अन्य फसलों का रुख करना पड़ा।

दुबारा वहां वापस आते हुए जहां हमने श्पीली क्रांतिञ्च की राह भटकने की बात छोड़ी थी, खाद्य तेलों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने का सबसे बढिया तरीका है तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना। यदि सरकार पाम ऑयल पैदावार की गारंटीयुक्त कीमत देने की इच्छुक हो सकती है तो फिर कोई वजह नहीं कि इसी किस्म की वायदा–कीमत तिलहन उत्पादक किसानों को न दी जाए, जबकि इसकी पैदावार करने वाले अधिकांश छोटे कृषक हैं। यह समझकर कि किसान आर्थिकी की सीढ़ी में सबसे निचले पायदान पर आता है, तो तिलहन उत्पादन को वायदा–मूल्य एवं सुचारु विपणन व्यवस्था बनाने से एक तरह से कृषि में पुनरू जान फूंकी जा सकती है। यहां तक कि पंजाब के किसान भी पानी डकारने वाली चावल की फसल उगाने की बजाय तिलहन को व्यवहार्य विकल्प पाकर इनका रुख कर सकते हैं। इसके अलावा, पाम ऑयल वृक्ष की पैदावार, जिसका ज्यादा फायदा दूर से बैठकर खेतीहरों के जरिए काम चलाने वाले भू–मालिकों और चंद महाकाय उद्योगपतियों को होगा, इसकी बजाय तिलहन की खेती को बढ़ावा देने से करोड़ों छोटे किसानों के लिए खेती आर्थिक रूप से व्यवहार्य बन सकती है। ऐसा होने पर श्पीली क्रांतिञ्च के अवसान के बाद तिलहन उत्पादकों की संख्या में जो भारी कमी हुई थी, वह अवश्य ही ऊपर उठने लगेगी। इससे आगे, तिलहन के अंतर्गत आती भूमि के लिए न तो प्राकृतिक वनों की कटाई की जरूरत है, न ही जैव–विविधता स्रोतों को नुकसान होगा। ऐसे वक्त में जब खेती के माहिर गेहूं–चावल वाले फसल चक्र से भूमिगत जल में हुए अत्यंत ह्रास के लिए आलोचना कर रहे हैं, एक अन्य पानी डकारने वाली पाम ऑयल फसल को अपनाने की क्या तुक है। सनद रहे कि पाम ऑयल का एक पेड़ रोजाना 300 लीटर पानी पी जाता है! अब इसको एक हेक्टेयर में लगने वाले पेड़ों से गुणा करने के बाद देखें तो यह प्रजाति एक तरह से भूमिगत पानी सोखने की मशीन है। इसलिए इससे पहले कि हम एक ओर पर्यावरणीय संकट में जा फंसे, श्मूल्य–मुनाफाञ्च रेशो निकालने के लिए गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है।

## बाढ़ पीड़ितों की सेवा ही हमारा धर्म, गांव गांव पहुंचा रहे राहत सामग्री- विनयशंकर तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। विधानसभा चिल्लूपार के विधायक विनय



शंकर तिवारी इन दिनों प्राकृतिक आपदा के रुप में आई बाढ़, जिससे प्रभावित कछारांल के गांव गांव गांव पहुच कर लोगों में राहत सामग्री पहुचा रहे हैं। बाढ पिड़ितों की पिछड़ा से ब्यथित बिधायक अपने क्षेत्र में दिन रात एक कर राहत सामग्री पहुचा रहे हैं। शुक्रवार को विधायक चिल्लूपार के कछारांल गांव मैभरा, गोपलामार, डुमरी सहित अन्य गांवो के 600 से अधिक बाढ पिड्तिों के बीच आटा, चावल, दाल, नमक, मसाला, सर्सोका तेल, आलू चूड़ा ,भेली, बिस्कुट आदि अन्य सामानों के खाद्यान्न पैकेट को जन जन तक पहुंचाया। और सभी के साथ हमेशा खड़े रहने का आश्वासन भी दिया। इनके साथ पूर्व प्रमुख एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजबहादुर सिंह, बसंत पासवान, पंकज पान्डेय, विवेक सिंह, बबलू शुक्ल, आशीष तिवारी, अनिरुद्ध यादव, रविशंकर सिंह, पुरुषोत्तम शुक्ल, अर्जुन आदि लोग उपस्थित रहे।

## बी डी ओ गोला ने मॉडल पोखरी निर्माण के प्रगति का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरहा में हो



रहे मॉडल पोखरी के निर्माण की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल द्वारा किया गया। इस ग्राम पंचायत में पूर्व से ही तालाब के साथ संलग्न ग्राम सभा की जमीन की उपलब्धता के आधार पर सर्वे कार्य तकनीकी सहायक के माध्यम से कराया जा चुका था। खंड विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण करते हुए उसे अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मॉडल पोखरी के विकास के साथ पोखरे की चारों और टहलने के लिए फुटपाथ, पौधरोपण, बैठने के लिए स्थान की उपलब्धता, ओपन जिम एवं अखाड़ा का निर्माण किया जा रहा है। माडल पोखरी के बन जाने से आसपास के लोगों को प्रातः कालीन एवं सायं कालीन भ्रमण के लिए, एक जगह पर बैठकर ग्राम पंचायत के लोगों के साथ वार्ता के लिए, स्वास्थ्य लाभ के लिए और प्राकृतिक परिवेश से जुड़ाव के लिए मौका मिलेगा। साथ ही पोखरी के निर्माण से जल संरक्षण का कार्य हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक के कर्मचारी गण व ग्राम प्रधान सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कोटेदारो की मनमानी कार्ड धारकों पर पड रहा भारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। विकासखंड डुमरियागंज के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में आय दिन कोटेदारो की मनमानी खूब देखी जा रही मनमानी की बात करे तो कोटेदार पर यूनिट पर एक किलोग्राम की बिंदास कटौती करते है। अंत्योदय सहित पात्र गृहस्ती के कार्ड धारको ने आरोप लगाया है कि कोटेदार मे भय नाम की चीज खत्म हो गयी चूकि कोटेदार कहते क्षेत्रीय विपणन अधिकारी को सुविधा शुल्क दिया जाता है ऐसा आरोप कोटेदारों ने लगाया है! प्रति यूनिट 5 किलो के जगह पर 4 किलो कार्ड धारकों को अनाज देकर खूब लूट मची हुई है इस संबंध में जब सप्लाई स्पेक्टर डुमरियागंज विजय जी से पत्रकार ने बात करना चाहा तो टेलीफोन उठाने से कतराते रहे । कई बार फोन लगाने पर और कई दिन से टेलीफोन नही उठाया जा रहा है विकासखंड के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में कोटेदार यह प्रक्रिया अपनाई है। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी विजय सहाय पूरी तरह से इस मामले को नजर अंदाज कर रहे है जिससे पात्र गृहस्ती के साथ साथ अंत्योदय कार्ड धारक भी इस लूट खसूट के शिकार है। गांव की बात करे तो अजगरा, बसडीला, खोरिया, मुडाड़ीहा, मीरवापुर, अवसन कुइया, आदि शामिल है।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाया : सूर्यप्रताप शाही

देवरिया। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022–23 के लिए रबी की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा। भाजपा की सरकार जब से केंद्र में आई है, तभी से किसान खुशहाल हैं। किसानों को फसल की लागत से डेढ़ गुना लाभ पहुंचाया जा रहा है। कृषि मंत्री देरशाम राघव नगर स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। शाही ने कहा कि गेहूं में 40 रुपये, जौ में 35 रुपये, चना में 130 रुपये, मसूर में 400 रुपये, सरसों में 400 रुपये, सूरजमुखी में 114 रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। किसानों को लागत पर मुनाफा कैसे ज्यादा से ज्यादा दिया जाए, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग एमएसपी समाप्त करने की बात कह कर किसानों को गुमराह कर रहे थे, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। एमएसपी बढ़ाये जाने के निर्णय से साबित हो गया है कि एमएसपी पर खरीद हो रही है और भविष्य में भी यह लागू रहेगी। एमएसपी को समाप्त नहीं किया जाएगा। कहा कि 2014 से देश में भाजपा की सरकार है, तभी से किसानों का विकास किया जा रहा है। छह साल में गेहूं पर 565, जौ पर 535, चना पर 250 रुपये, मसूर पर 2600 रुपये बढ़ाया गया है। खास बात यह है कि बोआई के पहले ही सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर किसानों का हौसला बढ़ा रही है। इतना ही नहीं, यह भी सुविधा दी जा रही है कि किसान खुद विकल्प चुन कर फसल उगा सकते हैं।

## सचिव के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

तरकुलवा। स्थानीय विकास खंड के हरपुर के तत्कालीन सचिव रामकृष्ण के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल ने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। जांच के नौ माह बाद भी कैशबुक उपलब्ध सचिव द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। गांव के धर्मेंद्र कुमार राव ने विकास कार्यों की जांच के लिए शिकायत जिलाधिकारी से की थी। जांच जिला कृषि अधिकारी को सौंपा गया। आठ दिसंबर 2020 को गांव में पहुंच कर जांच किए। सचिव द्वारा कैशबुक नहीं उपलब्ध कराया गया और न ही मनरेगा प्रोजेक्ट की पत्रावली ही उपलब्ध कराई गई। कुछ ही दिन बाद सचिव को स्थानान्तरण गौरीबाजार हो गया। कई बार उन्होंने मोबाइल पर बातचीत कर कैशबुक व अन्य कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा। लेकिन अभी तक कैशबुक व अन्य कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया है। खंड विकास अधिकारी डा.अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जांच अधिकारी का पत्र मिला है। सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम भेजेंगे एआरटीओ को हटाने की पत्रावली

महराजगंज। जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कर–करेतर व राजस्व की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। लगातार अनुपस्थित रहने वाले एआरटीओ को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और उन्हें हटाने के लिए लिए पत्रावली तैयार करने का निर्देश प्रशासनिक अधिकारी श्रीनाथधर दुबे को दिया। पत्रावली शासन को भेजेंगे। साथ ही नकली शराब पर अंकुश नहीं लगा पाने और सरकारी शराब की दुकानों के बाहर सीसीटीवी न लगाने पर जिला आबकारी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा। जिलाधिकारी ने खनन में राजस्व प्राप्ति व अवैध खनन पर प्रतिबंध, नए खनन घाटों के पट्टा के लिए सभी एसडीएम को निर्देश दिया। खनन से संबंधित कार्यों की निगरानी के लिए अपर उप जिलाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई। अधिशासी अभियंताओं की कार्यप्रणाली ठीक न होने की शिकायतों के साथ कार्रवाई के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण के एमडी को पत्र भेजने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में जल्द से जल्द तेजी लाएं, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में डीएफओ पुष्प कुमार के., एडीएम कुंजबिहारी अग्रवाल, एसडीएम प्रमोद कुमार, एएसडीएम अविनाश कुमार, एसडीएम सदर, स्टांप आयुक्त, आबकारी, तहसीलदार, व्यापार कर, नगर निकाय अधिशासी अधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेड व दवाइयों की कमी से मुश्किल में मरीज

देवरिया । जिले में वायरल फीवर से लोगों का बुरा हाल है। स्वास्थ्य विभाग लगातार इस बात की तस्दीक कर रहा है कि जिले में डेंगू के मरीज नहीं है। लेकिन, सच्चाई यह है कि डेंगू की जांच ही नहीं की जा रही है। ऐसे में डेंगू के मरीज मिलेंगे कैसे। देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड बना दिया गया है। उसमें एक भी मरीज भर्ती नहीं है, तेज बुखार व वायरल फीवर से परेशान बीमार बच्चों से पूरा पीआइसीयू पटा है। तीमारदारों ने बताया कि अस्पताल में बीमार बच्चों की दवा का भी इंतजाम नहीं है। बाहर से दवा खरीद रहे हैं। उधर शहर के भुजौली कालोनी समेत कई जगह जांच में डेंगू के लार्वा मिले हैं। जिससे लोगों की नींद हराम हो गई है। एक बेड पर तीन मरीजों का इलाज जिला अस्पताल के पीआइसीयू में 15 बेड में एक बेड पर तीन मरीजों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। यही हाल 30 बेड के चिल्ड्रेन वार्ड का भी है। गर्मी में माता–पिता बच्चों को लेकर यहां परेशानियों के बीच इलाज करा रहे हैं। मौजूदा समय में 72 बच्चे भर्ती हैं।

**नहीं मिल रही दवाएं, कई बच्चों का प्लेटलेट्स कम**

जिला अस्पताल में भर्ती बीमार बच्चों में कई बच्चों का प्लेटलेट्स कम है लेकिन डेंगू की जांच नहीं होने से भर्ती बच्चों के अभिभावक परेशान हैं। बच्चों की दवाओं में सिर्फ पांच नंबर कक्ष से पूरा दिन सिर्फ सीरप में पैरासिटामाल उपलब्ध है। इसके अलावा कोई भी एंटीबायोटिक या अन्य दवाएं बच्चों की उपलब्ध नहीं है। अस्पताल परिसर में एक सप्ताह से जमा पानी जिला अस्पताल जहां बीमार बच्चे भर्ती हैं वहां से कुछ दूरी पर खाली स्थान में एक सप्ताह से बारिश का पानी जमा है और वहां मच्छरों का झुंड दस्तक दे रहा है। पानी में लार्वा स्पष्ट देखा जा सकता है। यहां न तो मलेरिया विभाग की टीम का ध्यान है और न ही स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इधर ध्यान दे रहे हैं। यहां कभी भी डेंगू के मरीजों की तादाद बढ़ सकती है।

**तीमारदारों ने कहा–नहीं मिल रहीं दवाइयां**

देवरिया। पीआइसीयू में भर्ती व इलाज कराने आए बीमार बच्चों के तीमारदारों में बताया कि अस्पताल में सिर्फ बच्चों की दवा के नाम पर पैरासिटामाल सीरप है। उसके अलावा कोई दवा नहीं मिल रही है। सलेमपुर क्षेत्र के पड़री बाजार बाजार निवासी पंकज शर्मा ने बताया कि बेटी को बुखार था सिर्फ पैरासिटामाल सीरप ही मिला है। अन्य पांच दवाएं बाहर से खरीदा हूं। कोल्हुआ के डबल प्रसाद, रुद्रपुर की सिमसिखिया, भटवलिया की शिखा देवी ने कहा कि डाक्टर कि लिखी पांच दवाओं में सिर्फ पैरासिटामाल सीरप मिला है। पूछने पर दवा वितरण कर रहे स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जो रहेगा वही न वितरित करेंगे। अन्य दवाएं नहीं हैं बाहर से खरीद लीजिए।

## रोस्टर के अनुसार गांव में उपस्थित रहें सचिवः बीडीओ

महराजगंज। विकास खंड मिठौरा में स्थित मीटिग हाल में बीडीओ मिठौरा अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार अपने– अपने ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से समयानुसार उपस्थित रहना होगा। सिर्फ मीटिग के दिन एवं अन्य आवश्यक कार्य को लेकर ही सचिव ब्लाक पर आएंगे। इसके साथ ही गांव में सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें जनता की समस्या का निस्तारण करना होगा। सचिव ग्राम पंचायत स्तर पर ही ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर देंगे। साथ ही लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे। ग्रामीण जनता को योजनाओं का खासा लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि यदि क्षेत्र में उनके भ्रमण के दौरान रोस्टर के अनुसार कोई भी सचिव मौके पर अनुपस्थित मिला तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगा। इसलिए समस्त सचिव अपने दायित्वों के प्रति सजग हो जाए। बैठक के दौरान एडीओ पंचायत मुक्तिनाथ गुप्ता, एपीओ मनरेगा शिव प्रकाश सिंह ,प्रभारी एडीओ आइएसबी रामकिशुन गुप्ता, सतीश चतुर्वेदी ,बालमुकुंद पांडेय, विनय कुमार शर्मा, पवन कुमार गुप्ता ,मोहम्मद खालिद ,दिनेश कुमार, बैंकटेश्वर पटेल ,उमेश कुमार यादव सहित अन्य ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

## लोक अदालत के प्रति जागरूकता के लिए जिला जज ने किया पौधारोपण

महराजगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर दीवानी कचहरी में जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला जज के साथ प्रभागीय वनाधिकारी पुष्प कुमार के सहित अन्य न्यायिक कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया। साथ ही सभी को निरंतर प्रगति के साथ लोक अदालत को बेहतर तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। जिला जज ने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने के प्रति जागरूक करना है। लोक अदालत के दिन लिखित अधिनियम के वाद सहित, बैंक वसूली वाद, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सहित अन्य मामलों का अधिकाधिक निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। इसमें अधिवक्ताओं की भूमिका भी अहम है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय हरिनाथ पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश कुमार कुशवाहा, सुरेन्द्र कुमार सिंह, राजेश पराशर, नीरज कुमार बक्शी, काशीनाथ, रेखा सिंह, छांगुर राम, कमलेश्वर पांडेय, सौरभ श्रीवास्तव, आस्था श्रीवास्तव, प्राग दत्त शुक्ला, बलवंत कुमार भारती, शरजिल खान, सौरभ पाण्डेय, ईशा अग्रवाल, देवेश त्रिपाठी, प्रभात कुमार सिंह, श्वेता सोनी, बार एसोसिशन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 10897 को लगा टीका, 2302 की हुई जांच

महराजगंज। जिले में कोरोना से बचाव का टीका लगवाने और जांच कराने को लेकर लोगों में उत्साह है। सुबह से ही केंद्रों पर टीका लगवाने वालों की कतार लगी रही। इस दौरान कुल 10897 लोगों को टीका लगाया गया, जबकि 2302 लोगों की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य सहित कुल 45 स्थलों पर टीकाकरण और जांच के लिए भी शिविर लगाया गया। अस्पतालों और निर्धारित स्थलों पर भीड़ रही। मौके पर रजिस्ट्रेशन की सुविधा होने से किसी को निराश नहीं लौटना पड़ा, जिससे टीकाकरण की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भीड़ के कारण कई लोगों ने जिला महिला अस्पताल पर पहुंचकर टीका लगवाया। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने महिला अस्पताल में टीकाकरण कार्य का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि मौके पर रजिस्ट्रेशन कर अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाएं। किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 10897 युवक, महिला और पुरुषों को टीका लगाया गया है। एंटीजन से 1192 लोगों की जांच की गई है। जबकि आरटीपीसीआर के लिए 1110 लोगों का नमूना भेजा गया है।

## भाजपाइयों ने प्रबुद्ध सम्मेलन हेतु किया जनसंपर्क

### सांसद प्रभारी सूर्यप्रकाश पाण्डेय सहित चिल्हिया मण्डल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने सैकड़ो लोगों को किया आमंत्रित

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। राजस्थान अतिथि भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष पूर्वांचल विकास बोर्ड (राज्यमंत्री स्तर) एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा गोरखपुर क्षेत्र व पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह होंगे। उक्त की जानकारी सांसद प्रभारी सूर्यप्रकाश पाण्डेय सहित चिल्हिया मण्डल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने दी। जानकारों की माने तो विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव होंगे। विदित हो सांसद प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश पाण्डेय, शोहरतगढ़ मण्डल अध्यक्ष इंद्रेश चौरसिया



सहित चिल्हिया मण्डल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने शोहरतगढ़ तहसील, कस्बा सहित क्षेत्र में भ्रमण कर प्रबुद्ध सम्मेलन हेतु आमंत्रित किया और लोगों से कार्यक्रम में पहुँचने की अपील भी की। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम शोहरतगढ़ के राजस्थान अतिथि भवन में होगा, जिसका समय निर्धारण 11 बजे दिन में किया गया है। इस दौरान धर्मेन्द्र शुक्ल, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, अधिवक्ता वृजेशदत्त शुक्ला, अधिवक्ता गोपाल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश सिंह, अधिवक्ता शम्भू विश्वकर्मा, अधिवक्ता कैलाश गिरि, च्ब् प्रधानाचार्य डॉ नालिनी कांत मणि त्रिपाठी, कमलापति गुप्ता 'कमल' घनश्याम गुप्ता, वीरेंद्र मोदनवाल, प्रधान प्रतिनिधि रमवापुर नानकार सुभाष यादव, अनिल अग्रहरि, प्रधान प्रतिनिधि मदरहना उर्फ दत्तपुर अजय चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि पिंटू पटेल, ओम टाइम्स के संपादक रामदेव द्विवेदी, शोहरतगढ़ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार कौशल, महामंत्री एवं सभासद मनोज कुमार गुप्ता, डॉ संदीप मिश्रा आदि लोगों को आमंत्रित किया गया।

## पं गोविंद बल्लभ पंत की मनाई गई जयन्ती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत सभागार में उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की जयन्ती मनाई गई। पंडित गोविंद



बल्लभ पंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत को राजनीतिक रूप से पिछड़े माने जाने वाले पहाड़ी इलाकों को देश के राजनीतिक मानचित्र पर जगह दिलाने का श्रेय जाता है। 10 सितम्बर, 1887 को उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित खूंट गाव में जन्में गोविंद बल्लभ पंत ने वर्ष 1905 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया और 1909 में उन्होंने कानून की परीक्षा उत्तीर्ण की। काकोरी मुकद्दमें ने एक वकील के तौर पर उन्हें पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई। भारत के गृहमंत्री के रूप में वह आज भी प्रशासकों के आदर्श हैं। पंत जी चिंतक, विचारक, मनीषी, दूरदृष्टा और समाज सुधारक थे। उन्होंने साहित्य के माध्यम से समाज की अंतर्वेदना को जनमानस में पहुंचाया। उनका लेखन राष्ट्रीय अस्मिता के पार्श्व चिन्हांकन द्वारा लोगों के समक्ष विविध आकार ग्रहण करने में सफल हुआ। वर्ष 1937 में पंत जी संयुक्त प्रांत के प्रथम प्रधानमंत्री बने और 1946 में उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। 10 जनवरी, 1955 को उन्होंने भारत के गृह मंत्री का पद संभाला। सन 1957 में गणतन्त्र दिवस पर महान देशभक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता, तर्क के धनी एवं उदारमना पन्त जी को भारत की सर्वोच्च उपाधि 'भारतरत्न' से विभूषित किया गया। हिन्दी को राजकीय भाषा का दर्जा दिलाने में भी गोविंद वल्लभ पंत जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा. सात मार्च, 1961 को गोविंद बल्लभ पंत का निधन हो गया। कार्यक्रम के दौरान सभासद मनोज गुप्ता, सभासद संजीव जायसवाल, सभासद डॉ राजकुमार गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सभासद प्रतिनिधि बाबू अंसारी, मनोनीत सभासद कृष्ण कुमार अग्रवाल ने उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। इस दौरान अध्यक्ष पुत्र अमित गुप्ता, कमलापति गुप्ता 'कमल', घनश्याम गुप्ता, नगर पंचायत के कमलेश गुप्ता, बी०डी० कसौधन, सूरज निगम, अक्षय कसौधन, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नेशनल आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित हुए वकार मोईज खान

### सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक है वकार मोईज खान, बधाइयों का लगा तांता



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नेशनल आइकॉन अवार्ड 2021 का दूसरा चरण सिद्धार्थनगर के नौगढ़ स्थित नगर पालिका परिषद के सभागार में संपन्न हुआ। भारत के कोने–कोने से आए 40 से अधिक शिक्षकों, डॉक्टरों, समाजसेवियों को नेशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद की संचालित संस्था सिध्दार्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक, समाजसेवी शोहरतगढ़ निवासी वकार मोइज खान को संस्था के 2 वर्षों में सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें नेशनल आइकॉन अवार्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान पत्र मिलने पर प्रबंधक वकार मोईज खान ने कहा कि यह सम्मान पूरे संस्था सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को समर्पित है। आप सभी के सहयोग से यह सम्मान प्राप्त हुआ है। नेशनल आइकॉन अवार्ड टीम के पर आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम मोहित नारायण, कार्यक्रम प्रभारी रमेश वर्मा, शिक्षक विशंभर पांडे, रोहित दिलीप सोनी, नीरज श्रीवास्तव, दिव्या पांडे, एनसीआर प्रायोजक की पूरी टीम मौजूद रही। नेशनल आईकॉन अवॉर्ड मिलने पर वरिष्ठ सपा नेता जमील सिद्दीकी, हरिराम यादव , नीलेश चौधरी, विष्णु उमर, चंदन पाण्डेय, अजय चौधरी, पिंटू पटेल, शनि श्रीवास्तव, सैफ नवाज, अकबर सिद्धकी, आमिर, हैदर अली, चंदन, दुर्गेश यादव, शमशेर, कमल किशोर, राहुल यादव, अफरोज आलम, सलीम अहमद, अजहर खान, कैलाश विश्कर्मा, अवेश रजा, इरशाद खान, अतीउल्लाह सर्वजीत, सुजीत गौड़, अरमान अंसारी,अफरोज आलम, शहजाद खान, इबादत हुसैन , अरशद सिदीकी, रजा खान, हेमंत गौतम, नौशाद आदि लोगों ने बधाई दी है।

# महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर हुआ सेमिनार का आयोजन

## शिक्षित, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बने छात्राएं– डॉ अनीता शुक्ला अधिशासी अधिकारी रेनुकूट नगर पंचायत




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में मिशन शक्ति के तृतीय चरण के कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा व स्वावलंबन विषय पर ऑफलाइन सेमिनार का सुंदर आयोजन गुरुवार को किया गया। सेमिनार का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ अनीता शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राधाकांत पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुंदर एवं अभिनव प्रस्तुति महाविद्यालय की छात्राओं कुमारी प्रज्ञा मिश्रा, गरिमा सिंह,आशा एवं आंचल के द्वारा किया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति कार्यक्रम के संयोजक डॉ संतोष कुमार सैनी द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि डॉ अनीता शुक्ला,अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत रेणुकूट का स्वागत अभिनंदन किया गया तथा स्वागत भाषण द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रज्ञा मिश्रा ने "एक बात पूछती हूं बाबूजी, सच बताना ना बाबूजी, क्या याद मेरी आती नहीं"की बहुत ही सुंदर एवं भाव विभोर प्रस्तुति की। वहीं कु आशा ने "तू सारे जहां से प्यारी,मेरे भारत की बेटी"बोल वाली कविता की बड़े ही मधुर स्वरों में अद्भुत प्रस्तुति की। गरिमा सिंह,आंचल सिंह,रुचि कुमारी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने सुंदर भाषण दिए तथा शिवानी सिंह, सरस्वती,नेहा इत्यादि छात्राओं ने बहुत ही सुंदर एवं प्रेरक कविताएं प्रस्तुत की।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर एवं अभिनव प्रस्तुति के बाद आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ अनीता शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण,सुरक्षा व स्वावलंबन के विविध पक्षों पर बहुत ही सारगर्भित,ज्ञानवर्धक व प्रेरक व्याख्यान देते हुए छात्राओं को बताया कि आप सभी शिक्षित, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनें। आप में वह शक्ति है जो असंभव को भी संभव बना सकती है, बस जरूरत है,आपको अपनी शक्ति को पहचानने की।तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि डॉ राधाकांत पाण्डेय ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और उसमें नारियों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में महिलाओं बेटियों के साथ होने वाले विभिन्न अपराधों,अत्याचारों पर खुलकर चर्चा करते हुए,उनसे महिलाओं एवं बेटियों को बचाने के उपायों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि यदि हमें सच्चे अर्थों में अपने देश को उन्नत एवं समृद्ध बनाना है, तो हमें नारियों को उचित सम्मान, स्वतंत्रता व उनके अधिकार उन्हें देकर हमें उनको सशक्त बनाना होगा। वहीं डॉ रंजीत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नारी शक्ति पर अपनी प्रेरक कविताओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।मिशन शक्ति के संयोजक डॉ संतोष कुमार सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं, बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर बनाने पर बल देते हुए "सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र" का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभागार में उपस्थित सभी अतिथि गणों, प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं व पूरे महाविद्यालय परिवार को बेटियों को सुरक्षा, संरक्षण व सम्मान देकर, एक उन्नत, सभ्य एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ महीप कुमार,डॉ विजय प्रताप यादव,डॉ नीरज सिंह इत्यादि प्राध्यापक गणों के साथ–साथ कर्मचारीगण में प्रमोद केशरी, विकास कुमार मौर्य,धर्मेंद्र कुमार,महेश कुमार पाण्डेय सहित रोवर्स–रेंजर्स,एनएसएस, एनसीसी एवं महाविद्यालय के अन्य छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## घोरावल में धू धू कर जलता बिजली का केबिन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल नगर पंचायत में जर्जर विद्युत तार दुर्घटना का कारण बने हुए हैं। गौरतलब है कि घोरावल नगर पंचायत में पुलिस चौकी के सामने बिजली का केबिन काफी नीचे लटक रहा है तथा प्रायः आतिशबाजी देखी जाती है। जिसे लेकर नागरिक परेशान रहते हैं। सड़क पर चलने वाले लोगों की जान शासत में रहती है, कब तार टूट कर गिर जाए कहा नहीं जा सकता लेकिन स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मूक दर्शक बने हुए हैं। इस मामले की शिकायत कई बार शांति समिति की बैठक और तहसील दिवस में की गई लेकिन समस्या ज्यों का त्यों बना हुआ है। लगभग 15 साल पहले इंसुलेटेड केबिल लगाया गया था जो काफी जर्जर हो गया है लेकिन विभागीय अधिकारी बदलने का नाम नहीं ले रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने शशि कुमार वर्मा, अवध नारायण वर्मा ,लवकुश कुमार ,शहबान अली आदि नागरिकों ने उपरोक्त समस्या की तरफ जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया है।



## कोन पुलिस ने पांच जुआरियों को किया गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के द्वारा जुआरियों व सट्टेबाजों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उनके निर्देशानुसार गुरुवार की शाम कोन पुलिस ने थाना क्षेत्र के लौकवाखाड़ी से पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रामनारायण पासी ने बताया कि उप निरीक्षक राजेश मौर्य मय फोर्स गुरुवार की शाम को गस्त पर निकले थे की उसी दौरान लौकवाखाड़ी के जंगल में कुछ लोगो पर उनकी नजर पड़ी जो जुआ खेल रहे थे वही पुलिस को देखकर जुआरी भागने का प्रयास करने लगे लेकिन सफल नही हुए उप निरीक्षक ने उन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया जिसमे कचनरवा निवासी रमाशंकर जायसवाल पुत्र सिकंदर, मनोज कुमार पुत्र मुन्नालाल, झारखंड राज्य के राजी निवासी रुद्रप्रताप पुत्र हरिदास उराव, विजय कुमार मेहता पुत्र ईश्वर दयाल और परसवान निवासी रविंद्र उरांव पुत्र रामनाथ को धर दबोचा जिनके पास से छ हजार पांच सौ रुपए नगद और छ मोबाइल बरामद किया गए। वही गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक के अलावा कांस्टेबल अजमल सुलतान, अर्पित यादव, अभिषेक व अंकित शर्मा मौजूद रहे।

## मारकुंडी मे सपा युवजन सभा की बैठक मे दर्जनों युवाओ ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। मिशन 2022 के तहत समाजवादी युवजन सभा द्वारा "चलो गांव की ओर" कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की दोपहर समाजवादी युवजन का मारकुंडी मे कार्यकर्ताओं का बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बबलू धांगर ने करते हुए कहा की वर्तमान सरकार में बढ़ रहे भ्रष्टाचार व महंगाई से जनता पुरी तरह से त्रस्त है, बीजेपी सरकार मे युवाओ का भविष्य सुरक्षित नही है।इस सरकार में युवाओ, बेरोजगारो, किसानो का हित सुरक्षित नही है। उत्तर प्रदेश की जनता का हित सिर्फ समाजवादी पार्टी की सरकार मे सुरक्षित है। कार्यकताओ से अपील की आप लोग समाजवादी की सरकार बनाने के लिए मिशन 2022 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गांव–गांव मे जाकर सपा के नीतियों का प्रसार प्रचार करें अखिलेश यादव की सरकार बनने पर नौजवानों, किसानों, बेरोजगारों, व्यापरियों एव गरीबों का हित के लिए कार्य करती है। इस अवसर मारकुडी के दर्जनो युवाओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। अवसर पर वरिष्ठ अतिथि के रूप मे जिला महासचिव रमेश यादव, जिला सचिव मोहम्मद काजिम खान, व्यापार सभा जिला सचिव संदीप अग्रहरि, जितेंद्र बियार, बसंत कोल, अवधेश कोल, राहुल यादव, अमरनाथ यादव आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच अभिषेक चौबे का स्वागत



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हाईकोर्ट परिसर में स्थित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह में अपना दल (एस) विधि मंच के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक चौबे का स्वागत एवं सम्मान माला पहना कर तथा मिठाई खिलाकर किया गया। बताते चले कि पार्टी ने जिनको यह राष्ट्रीय विधि मंच का पद दिया गया है वह जनपद सोनभद्र के मूल निवासी है। समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल पाठक ने तथा संचालन हाईकोर्ट बार के संयुक्त सचिव (प्रशासन) अभिषेक शुक्ला ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह एवं आसरा फाउंडेशन के अध्यक्ष व अधिवक्ता प्रदीप तिवारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अमरेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि राजनैतिक दलों द्वारा हमारे बीच के अधिवक्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना समाज व राजनीति में अधिवक्ता समाज के योगदान को दर्शाता है तथा ये पूरे अधिवक्ता समाज का सम्मान है। अध्यक्षता कर रहे अनिल पाठक ने कहा कि अभिषेक चौबे को विधि मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने से हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं मैं हर्ष की लहर है तथा समाज में अधिवक्ता की स्थिति मजबूत हुई है। आसरा फाउंडेशन के अध्यक्ष व अधिवक्ता प्रदीप तिवारी ने कहा की आज हम सबके बीच के भाई को राष्ट्रीय नेतृत्व ने जिम्मेदारी दी है हम सभी अधिवक्ता वर्ग इसका स्वागत करते हैं और आशा भी करते हैं की अधिवक्ताओं की समस्याओं का निराकरण उचित फोरम पर करने का भी प्रयास करेंगे। संचालन कर रहे अभिषेक शुक्ला ने अपना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को राष्ट्रीय जिम्मेदारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता को दिए जाने हेतु धन्यवाद दिया। अंत में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच अभिषेक चौबे ने एक साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री दीदी अनुप्रिया पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित अधिवक्ताओं को भरोसा दिया कि राजनीति में चाहे जिस ऊंचाई पर पहुंच जाऊं पर आपके लिए एक भाई और बार के लिए एक बेटे के रूप में कार्य करूँगा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से बार के उपाध्यक्ष अजय मिश्रा जयहिंद, दिलीप पाण्डेय, रामानुज त्रिपाठी, विनय तिवारी, अधिवक्ता परिषद के प्रदेश मंत्री शीतल, विधि मंच के प्रदेश महासचिव प्रीतम पटेल, चौधरी वीरेंद्र सिंह, एस. एन. पाण्डेय, शशि प्रकाश सिंह, प्रमोद सिंह, अभिमन्यु राय, वैरिष्टर यादव, संजय मिश्रा, अंजनी मिश्रा आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आर पी डिग्री कालेज घोरावल में कृषि बिज्ञान बिभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आर०पी० डिग्री कॉलेज में कृषि विज्ञान विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध कीटनाशक कंपनी के पी०आई० इंडस्ट्रीज के जै.ड. अवनीश कुमार सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए छात्रों के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगार के अवसर, कृषि विज्ञान में आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का 17□ योगदान है। इसमें रोजगार के अवसर व संभावनाएं भी बहुत हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व विकास हेतु प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इसके पूर्व उपस्थित अतिथि का, पंकज यादव ने बैच अलंकरण करके स्वागत एवम् अभिनंदन किये। कार्यक्रम संयोजक कृषि विज्ञान के प्रवक्ता पंकज यादव ने छात्रों को पुस्तकीय विज्ञान के साथ–साथ व्यावहारिक ज्ञान के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ नागेश पाण्डेय सहित चंद्रप्रकाश मौर्य, रवि कुमार मौर्य, करुणा चौरसिया, प्रमोद सिंह, संदीप तिवारी आदि प्रवक्ता सहित अनुज मौर्य, अभिषेक मौर्य, अजय पाठक, अमन पाण्डेय, प्रकाश पाठक इत्यादि छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

## रेनुकूट बीजपुर मार्ग की गढ्ढे वाली सड़क बनी जानलेवा



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रेनुकूट बीजपुर सम्पर्क मार्ग पूर्ण रूप से जगह जगह गढ्ढे में तब्दील हो गया है। दुपहिया वाहन,साइकिल चालको सहित राहगीरों के जान का जोखिम बनी हुई है। पिछले वर्षों मध्यप्रदेश से उतर प्रदेश के रास्ते ओवरलोड बालू और रिहंद परियोजना से ओवरलोड राख परिवहन के कारण सड़क पूरी तरह गढ्ढे में तब्दील हो चुकी है।वही राख की गाड़ियों द्वारा जगह जगह राख गिरा दिया गया है। बारिश होते ही सड़क में बड़े बड़े गढ्ढे बन गए जो रात में दुर्घटना का सबब बने हुए हैं। टायरों से उड़कर घायल करने वाली सड़क की गिट्टी से लोग अपंग होते जा रहे हैं। वही राख उड़ने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों से परियोजना में काम पर आने जाने वाले लोग हों अथवा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड व छत्तीसगढ़ के बिभिन्न स्थानों से इस सड़क मार्ग पर आने जाने वाले यात्रियों के लिए सड़क मुसीबत बनी हुई है। आएदिन बाइक दुर्घटना में लोग अपंग हो रहे हैं तो कई सड़क दुर्घटना में लोग अपना जान गवा बैठे हैं। बताया जाता है कि गढ्ढा बचाने में कभी कभी बाइको की आमने सामने टक्कर में कई सवार पैर और हाथ की हड्डी तोड़ कर आज भी अस्पताल में भर्ती होकर संकट से जूझ रहे हैं। इसबाबत लोक निर्माण बिभाग के जेई अजय मौर्य कहते है कि स्टीमेट भेजा गया है स्वीकृति मिलने पर सड़क मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाएगा।

# श्रद्धा से मनाई गई हरितालिका तीज

## सुहागिनों ने पति की दीर्घायु व सुख–समृद्धि के लिए की कामना



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में हरितालिका तीज गुरुवार को भारतीय सनातन संस्कृति के अनुरूप बड़े ही सौम्यता के साथ उत्साह पूर्वक मनाई गई। व्रती महिलाएं सायं काल पूजन–अर्चन कर व्रत कथा सुनी और पति के दीर्घायु तथा उसके सुख–समृद्धि के लिए मंगल कामना की। सोनांचल की गृहणियां निर्जला व्रत रखकर सनातन संस्कृति की परंपरा अनुरूप कठिन तपस्या करते हुए देर से हम भूत भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर सुहाग की रक्षा एवं दीर्घ जीवन के लिए कामना की। संवाददाता के अनुसार इलाके में हरितालिका तीज हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पति के दीर्घायु तथा उसके सुख–समृद्धि के कामना के लिए सुहागिनों ने व्रत रखा। बताते चलें कि भादो शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाये जाने वाले इस पर्व पर सुहागिन महिलाओं के साथ कुंवारी लड़कियां भी सुयोग्य वर प्राप्ति हेतु निर्जला व्रत रखती है। इस दिन सुहागिन महिलाओं द्वारा अन्न–जल का सेवन वर्जित माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन शक्ति स्वरूपा पार्वती ने शिव को पति के लिए हिमाचल पर्वत पर बिना अन्न–जल के व्रत किया था और उन्होने पति के रूप में शिव को प्राप्त किया। मालूम हो कि सुहागिने इस त्यौहार की तैयारी दो दिन पहले से ही शुरू कर दी थीं। पूजा सामग्रियों सहित कपड़ा, चूड़ियां आदि श्रृंगार की सामाने खरीदने के लिए व्यस्त थीं।

## तीन गोवंश के साथ मैजिक चालक गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के कोन तेलगुड़वा मार्ग पर सलैयाडीह बाजार से कुछ ही दूरी पर गुरुवार की रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने मैजिक पर लदे तीन गोवंश के साथ मैजिक चालक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रामनारायन पासी ने बताया कि गुरुवार की रात सलैयाडीह बाजार से कुछ ही दूरी पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान तेलगुड़वा की तरफ से आ रही मैजिक को रोका गया और चेकिंग की गई जिसमे मैजिक पर तीन गोवंश बरामद की गई वही मैजिक चालक मिश्री निवासी अशोक कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद से पूछताछ के बाद वाहन सहित सभी को थाने लाया गया जहा संबंधित धाराओं में कार्यवाई की गई।

## तालाब की खुदाई कार्य में जेसीबी सीज

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। खलियारी नगवां ब्लाक के मांची रेंज के ग्राम पंचायत तेनुआ के दरमा गांव में ग्राम पंचायत द्वारा वन क्षेत्र में जेसीबी से तालाब की खुदाई करते समय वन विभाग एवं रायपुर पुलिस ने पकड़ कर वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेसीबी सीज कर दिया गया है। बतादें कि मांची वन क्षेत्र के दरमा गांव में ग्राम प्रधान के द्वारा वन विभाग की जमीन में जेसीबी से तालाब का निर्माण कराया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर जब वन रक्षक महेंद्र सिंह पाल पहुंचकर काम बंद करने को कहा तो वहां मौजूद लोगों ने काम बंद करने को तैयार नहीं हुए। वन रक्षक महेंद्र सिंह पाल ने तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। डीएफओ संजीव कुमार सिंह ने फारेस्टर रामजी लाल के नेतृत्व में रामपुकार वन रक्षक, आशीष कुमार सिंह वनरक्षक,अनुज कुमार गिरि वनरक्षक, साथ में महेंद्र सिंह पाल वनरक्षक, एवं रायपुर पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा। वन विभाग एवं रायपुर पुलिस को देखते ही वहां मौजूद सभी लोग भाग निकले। मौके से जेसीबी को कब्जे में लेकर वन विभाग ने कार्रवाई की है। जेसीबी बेचन जायसवाल पुत्र स्व सत्यनारायण निवासी सुअरसोत की बताई जा रही है। खुदाई कराने में लालबहादुर के नाम से मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मेरा सुयोग्य पुत्र मुझे कभी भी दुख का एहसास तक नही होने दिया: कामना त्रिपाठी



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। नगर पंचायत के सृजनकर्ता स्व0 सुधीर त्रिपाठी के प्रथम पुण्यतिथि पर सोनौली के एक मैरेज हाल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आगाज स्व0 त्रिपाठी की धर्मपत्नी व सोनौली न0 प0 अध्यक्ष कामना त्रिपाठी व उनके सुपुत्र न0 प0 अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवम त्रिपाठी ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने दो मिनट का मौन रख स्व0 त्रिपाठी के आत्मा की शांति हेतू प्रार्थना कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सिरीस पाण्डेय ने किया। बताते चले कि न0प0 अध्यक्ष आंखों में आशू लिए रुंधे गले से जब अपना संबोधन करने मंच पर आई तो वो मात्र इतना ही कह पाई कि आज मेरे पति मेरे साथ नही हैं परन्तु मेरा सुयोग्य पुत्र मुझे कभी भी दुख का एहसास तक नही होने दिया। उपस्थित पूर्व मंत्री श्याम नारायण तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज स्व0 त्रिपाठी हमारे बीच नही हैं उनकी कमी हमे हर समय उनकी याद दिलाती रहेगी उनके परलोक चले जाने से ब्रह्मांड में जो शून्यता आयी हैं उसकी भरपाई कभी नही हो सकती। पूर्व ब्लाक प्रमुख राम आधार दूबे ने बताया कि आज अत्यंत दुख की घड़ी हैं इस दुख की घड़ी में हम अपने तन मन से इस दुखी परिवार के साथ है। नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज मेरे साथ मेंरे परम मित्र स्व0 त्रिपाठी नही है परन्तु उनका प्यार व आशीष हमेसा हमारे साथ रहा है,असमय इनके परलोक चले जाने से लगता हैं जैसे मेरा भाई चला गया हो इससे सबसे ज्यादा छति हमारी हुई हैं, इतना कहते ही उपस्थित लोगों की आंखे आँशुओ से भर गई। सोनौली न0प0 अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवम त्रिपाठी ने आंख में आंशू लिए अपने संबोधन में कहा कि आज मेरे पापा मेरे साथ नही है इस दुख की घड़ी में जब मैं दुखी होता हूँ तो अपने अभिभावकों व सोनौली की सम्मानित जनता को देखकर सभी दुख भूल जाता हूँ। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रह्लाद प्रसाद,पूर्व जिला प0 सदस्य राजन पाण्डेय,सभासद शाहनवाज खान, व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल,उमेश तिवारी,दिलीप त्रिपाठी,प्रमोद पाठक,राजेश व्वायड, धीरेन्द्र सागर,गुड्डू अन्सारी,सोनौली व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह,अनुज राय,पप्पू खान, सभासद करम हुसेन, सुरेन्द्र विश्वकर्मा,विनोद कुमार , निजामुद्दीन खघन, समाज सेवी चक्र बहादुर गिरी न0प0 सोनौली के प्रधान लिपिक संजय श्रीवा0, संदीपा सिंह, अलका मिश्रा, राम सुमेर यादव, सिंगर सरदार विक्की सिंह, सज्जाद अहमद, राज वर्मा, बशीर अहमद, रामरूप जाय0 आदि लोग उपस्थित रहे।

## एमआरएफ सेंटर पानी के बहाव में बहा

दैनिक बुद्ध का संदेश



गोला/गोरखपुर। उपनगर गोला में कुड़ा निस्तारण के लिए वार्डसंख्या 11 में लगभग 57लाख रुपये का कुड़ा निस्तारण के लिए एमआरआफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा था। जिसका निर्माण कार्य चारों तरफ पिलर सहित दिवाल खड़ी थी। जो पानी के बहाव के वजह से सेंटर के दक्षिण हिस्सा में बना पिलर सहित दीवार पानी के बहाव में बह गया।

# पूर्व जिलाध्यक्ष सपा पम्मू यादव के सहयोग से विभिन्न दलों के सक्रिय नेताओं को सपा में किया शामिल

हरदोई। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और कटियारी के वरिष्ठ सपा नेता पदमाराग सिंह यादव ष्पम्मूष के अथक सहयोग से विभिन्न दलों से सक्रिय और निष्क्रिय पड़े नेताओं को समाजवादी पार्टी में शामिल करा कर सपा को मजबूती प्रदान की है। वहीं समाजवादी पिछला वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में राजीव राजपूत को प्रदेश सचिव नामित और जीतेंद्र सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष नामित किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है ऐसे में समाजवादी पार्टी ने हरदोई जिले में दूसरे दलों के 4 दर्जन से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कटियारी नेता पम्मू यादव ने समाजवादी पार्टी में शामिल कराया है। समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में कई पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,पूर्व ब्लाक प्रमुख और नगरपालिका के प्रत्याशी शामिल हैं।इन सभी लोगों ने समाजवादी पार्टी के दफ्तर में पहुंचकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।इस मौके पर मौजूद सपा की पूर्व सांसद उषा वर्मा ने नए लोगों के पार्टी में शामिल होने पर हरदोई की सभी विधानसभा सीटों पर सपा की जीत का दावा किया है।

समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमल प्रकाश मिश्रा भरखनी,पूर्व ब्लाक प्रमुख हरपालपुर कमलेश पाठक,पूर्व ब्लॉक प्रमुख सांडी जगमोहन राजपूत, सवायजपुर विधानसभा से जनक्रांति पार्टी के प्रत्याशी यदुनंदन लाल वर्मा,पूर्व चेयरमैन बिलग्राम सईद अंसारी,पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन मल्लावां मो वाहिद शेख ,पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन मल्लावां मो चांद शेख,पूर्व प्रधान सतौथा हरपालपुर नागेंद्र मिश्रा,सहित तमाम लोग शामिल हुए।वहीं जिला कार्यकारिणी में जितेंद्र सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। इस मौके पर मौजूद समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद उषा वर्मा,जिला मंत्री वीर यादव,उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह,वरिष्ठ नेता प्रह्लाद मिश्रा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष सईद अहमद, अमित सिंह मीतू,रहमत अली ने समाजवादी पार्टी में शामिल हुए नए लोगों का स्वागत करते हुए जिले की सभी 8 विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी की मजबूत होने और जीत का दावा किया है।

# यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य व परिवार नियोजन की जानकारी देंगी काउंसलर

सीतापुर। किसी किशोरी का मां बनना न सिर्फ उसकी बल्कि उसके होने वाले बच्चे की भी जान के लिए खतरा है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि किशोर– किशोरियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी के साथ ही उन्हें परिवार नियोजन के बारे में भी बताया जाए। दो बच्चों के बीच में कम से कम 3 साल का अंतर होना जरूरी है ऐसा न होने से दोनों बच्चों के समुचित विकास में बाधा पड़ती है। बास्केट ऑफ च्वॉइस में परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधन उपलब्ध हैं। आप सभी काउंसलर्स का दायित्व है कि कोई भी जब आपके पास सलाह के लिए आता है या फिर आप लोग समुदाय में जाते हैं तो इसकी जानकारी संबंधित लोगों को दें। जिससे वह अपनी सुविधानुसार परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों का उपयोग कर सकें। यह बात एसीएमओ डा. कमलेश चंद्रा ने ने सीएमओ कार्यालय में आयोजित एएफ एचएस अर्श काउंसलर और आरएमएनसीएच परिवार नियोजन काउंसलर के एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि किशोर. किशोरियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी देने के साथ ही लक्षित दंपति को परिवार नियोजन के लाभों के बारे में और भी बेहतर तरीके से जानकारी देने को लेकर अब एएफ एचएस अर्श काउंसलर और आरएमएनसीएचए परिवार नियोजन काउंसलर एक मंच पर आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की इस योजना को अमली जामा पहनाने की सूबे में तैयारियां तेज हो चली हैं। इसी क्रम में परिवार नियोजन और अर्श काउंसलर का एक दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण पिछले दिनों सीएमओ ऑफिस में आयोजित किया गया। जिसमें इन काउंसलर को एक दूसरे के कामों, कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी गई। इन्हें बताया गया कि समुदाय में इन्हें इस तरह से लोगों को बातचीत कर योजना से संबंधित जानकारी देनी है। इस मौके पर सभी काउंसलर को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। परिवार नियोजन प्रबंधक जावेद खान ने बताया कि जिला चिकित्सालयों सहित सीएचसी पर तैनात अर्श काउंसलर और परिवार नियोजन काउंसलर उन्हें बेहतर सलाह देकर उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने परिवार नियोजन से संबंधित अपने मूलमंत्र आपदा में भी परिवार नियोजन की तैयारी. सक्षम राष्ट्र और परिवार की पूरी जिम्मेदारी को अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंचाने के लिए इस प्रशिक्षण का आयोजन किया। जिसमें जिला चिकित्सालयों और ब्लॉक सीएचसी सहित जिले भर में कुल 21 अर्श काउंसलर और 13 परिवार नियोजन काउंसलर ने प्रतिभाग किया।

# गर्भ में आने से लेकर दो साल तक बच्चों के पोषण का रखें खास ख्याल

## *सुनहरे हजार दिन में होता है बच्चे का सही शारीरिक व मानसिक विकास*

हरदोई।हर माँ व परिवार की यही चाहत होती है कि उनके आंगन में एक स्वस्थ बच्चे की किलकारी गूंजे।उनकी इस चाहत को साकार करने की चाबी उनके ही हाथों में है । इसके लिए जरूरी है कि बच्चे के शुरू के सुनहरे हजार दिन (गर्भ के 270 दिन और पहले दो साल के 730 दिन) को सही देखभाल व पोषण से इतनी मजबूती प्रदान कर दें कि वह उनके पूरे जीवन चक्र की शक्ति बनकर उनकी रक्षा कर सके । इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले गर्भवती के पोषण का खास ख्याल रखें ताकि वह एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके।

जिला महिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डा. पंकज मिश्रा का कहना है कि किसी भी बच्चे के पहले हजार दिन की सही देखभाल और पोषण ही उसके जीवन की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।इन दिनों में बच्चे का तेजी से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।इतना ही नहीं, यह समय मस्तिष्क के तीव्र विकास का भी होता है, इसलिए सही पोषण इसमें भी महत्वपूर्ण पहलू निभाता है।इस दौरान उचित स्वास्थ्य, पर्याप्त पोषण, प्यार भरा व तनावमुक्त माहौल और सही देखभाल बच्चे के विकास में मददगार बनते हैं । इसीलिए इस समय माँ–बच्चे के सही पोषण और खास देखभाल की जरूरत होती है । इसके लिए जरूरी है कि गर्भवती रोजाना आयरन और विटामिन युक्त तरह–तरह के पोषक आहार का सेवन करें। दूध, तेल व आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें । आईएफए की एक लाल गोली रोजाना, चौथे महीने से 180 दिन तक और कैल्शियम की निर्धारित खुराक लें । इसके अलावा एक अल्बेंडाजोल की गोली दूसरी तिमाही में लें । स्वच्छ पेयजल का ही इस्तेमाल करें । प्रसव पूर्व चार जांच अवश्य कराएँ ताकि कोई कमी हो तो उसे समय से दूर किया जा सके। संस्थागत प्रसव ही कराएँ क्योंकि इसी में माँ–बच्चे की पूर्ण सुरक्षा निहित है। व्यक्तिगत साफ–सफाई व स्वच्छता का ख्याल रखें।खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को अच्छी तरह से साबुन–पानी से अवश्य धुलें व हमेशा शौचालय का ही इस्तेमाल करें।प्रसव के बाद धात्री महिलाएं भी इन बातों का ख्याल रखें।

डा. पंकज बताते हैं – जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूर कराएँ क्योंकि माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे का पहला टीका होता है । शिशु को शुरू के छह माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पिलायें क्योंकि बाहरी कुछ भी चीज देने से संक्रमण का खतरा रहता है । बच्चे को जरूरी टीके भी अवश्य लगवाएं । मां अपने साथ बच्चे की विशेष स्वच्छता का ध्यान रखें । बच्चे के शौच का निपटान हमेशा शौचालय में ही करें । छह माह पूरे होने पर स्तनपान के साथ मसला हुआ और गाढ़ा पौष्टिक ऊपरी आहार देना शुरू करें, जिसमें दूध, तेल और आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें । विटामिन ए की निर्धारित खुराक दें । पेट के कीड़ो से बचने के लिए 12 से 24 महीने के बच्चे को अल्बेंडाजोल की आधी गोली तथा 24 से 59 महीने के बच्चे को एक गोली साल में दो बार आंगनबाड़ी केंद्र पर दिलवाएं । बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित ले जाएँ और वजन कराएँ । बच्चे के बौद्धिक विकास के लिए पौष्टिक आहार उसकी उम्र के अनुसार आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता, एएनएम या चिकित्सक के बताये मात्रा के अनुसार देना सुनिश्चित करें ।

# ग्रामीणों से धनराशि मांगने का वीडिया वायरल होने पर चकबन्दी लेखपाल निलम्बित: बी एन उपाध्याय

हरदोई।बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बीएन उपाध्याय ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 03 सितम्बर 2021 को ग्राम बेरिया नजीरपुर ब्लाक बिलग्राम के पंचायत भवन में आयोजित चकबन्दी चौपाल में जमीन बन्धन मुक्त कराने के प्रकरण में चकबन्दी लेखपाल राघवेन्द्र सिंह यादव द्वारा ग्रामीणों से धनराशि मांगने का हुए वीडिया वायरल की जांच में प्रकरण सत्य पाने जाने एवं उक्त चकबन्दी लेखपाल को दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही करने के लिए संस्तुति पत्र शासन को भेजा गया है।

# मजदूरी का पैसा निकालने के लिए बैंकमित्र ने लिया 500 रूपये सुविधा शुल्क

मिश्रिख (सीतापुर)। विकासखंड मिश्रित ग्राम पंचायत इंडलवल ग्रंट के मजरा गनेशपुर निवासी प्रदीप सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह ग्राम पंचायत में मनरेगा मजदूरी का कार्य करता है। बीते 7 दिनों की मजदूरी का पैसा 1428 रुपये आर्यावर्त बैंक शाखा मड़ेरुवा के खाता सं 613350700000043 पर आया था। परन्तु बैंक शाखा में कार्यरत बैंक मित्र सूरज पुत्र कप्तान सिंह ने 500 रुपये सुविधा शुल्क के रूप में लेकर पेमेंट किया। अब दूसरी बार पीडिघ्त के खाते में 20 दिनों की मजदूरी का पैसा फिर आया है। परंतु बैंक मित्र उससे फिर 1000 रुपए सुबिधा शुल्क की मांग ब्लाक में तैनात खंड विकास अधिकारी को देने के नाम पर कर रहा है। सुविधा शुल्क न देने पर बैंक शाखा से मजदूरी का पैसा यह कहकर नहीं निकाला जा रहा है कि खंडविकास अधिकारी द्वारा आपका खाता अवरुद्ध करा दिया गया है। पीडिघ्त मजदूर कड़ी मेहनत करने के बाद में भी श्रमिक प्राप्त करने के लिए कई दिनों से चक्कर लगा रहा है। इसलिए पीडिघ्त मजदूर ने यहां के उपजिलाधिकारी को मामले का शिकायती पत्र देकर बैंक मित्र सूरज के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# भाजपा सरकार बनने के बाद जटिल से जटिल समस्याएं हल हुई : अचिन मेहरोत्रा

सीतापुर। भाजपा नगर दो के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय तरीनपुर कैंप कार्यालय पर प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा भाजपा सरकार बनने के बाद जटिल से जटिल समस्याएं हल हुई हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में दोबारा भाजपा की सरकार बने इसके लिए अभी से जुट जाएं। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से मिलकर उनके बूथ को मजबूत करें। अंत में नगर दो की अध्यक्ष महिला मोर्चा ममता डोडेजा व पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री अशोक राठौर व महेंद्र बंगाली को मनोनीत करने पर जिलाध्यक्ष व मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट व माल्यापर्ण करके स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, महामंत्री विश्राम राठौर, मंत्री जया सिंह, मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, आकाश राय, अशोक राठौर, महेंद्र बंगाली, संदीप अवस्थी, रामबाबू श्रीवास्तव, अनीत मिश्रा, अनुराग दीक्षित, शशिकांती तिवारी, शशी सिंह, विजय शुक्ला, अनिल निषाद, पंकज यादव, आशुतोष दीक्षित, सत्यम त्रिवेदी, श्याम लाल कनौजिया, ऋषभ त्रिवेदी, राकेश गुप्ता, पिकू, गुड्डू शुक्ला, श्रीकृष्ण मिश्र, मनीष पाडेय, राजबहादुर सिंह, प्रियंका वर्मा, संगीता राजवंशी, अमित कनौजिया, दिनेश त्रिवेदी, लालता शाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सम्मान दिलाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर के कलाकारों का अभिलेखीकरण किया जायेगा: अविनाश

हरदोई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद की ग्राम पंचायत स्तर पर सामान्य तौर पर कीर्तन, भजन, पौराणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामलीला, कृष्ण लीला तथा विभिन्न अवसरों, त्योहारों, उत्सवों, मेलों आदि में कार्यक्रम करने वाली संबंधित मण्डलियों के दल नेता तथा कलाकारों को विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं में समुचित अवसर प्रदान करने के साथ अपेक्षित सम्मान दिलाने हेतु सांस्कृतिक विभाग द्वारा अभिलेखीकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न सांस्कृति एवं विधाओं के माध्यम से कार्यक्रम करने वाले समस्त दल नेताओं से कहा है शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने कलाकारों सहित सूची तत्काल जिला सूचना कार्यालय, हरदोई को उपलब्ध करायें ताकि कलाकारों के अभिलेखीकरण हेतु सूची समय से सांस्कृतिक विभाग को प्रेषित की जा सके।

# फूस के बंगले में लगी आग, लकड़ी,भूसा,कंडे, जलकर हुए राख

हरदोई।थाना क्षेत्र के ग्राम इटौली में फूस के छप्पर में अचानक आग लग गई, जिससे उसमें भरा सामान जलकर राख हो गया।

कोतवाली में पीड़ित ओम प्रकाश ने तहरीर देते हुए बताया कि गांव के किनारे मेरा फूस का एक बंगला है जिसमें भूसा लकड़ी जलाने वाले उपले आदि रखे हुए थे।देर रात उस गोदाम में आग की लपटें उठने लगी ,जब मैने वहां जाकर देखा तो उठती लपटों की रोशनी में गांव के ही मुझे दो व्यक्ति प्रेमचंद व पिंकू दिखाई दिये, जिससे मुझे यकीन हो गया कि पुरानी रंजिश मानते हुए ही इन लोगों ने आग लगाई है। मैने 112 डायल कर कोतवाली में शिकायत की थी।आज तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा बहराइच मार्ग पर मुगलन पुरवा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अपनी ससुराल थाना सकरन क्षेत्र से डलिया पर लकड़ी लेकर अपने घर भतीजे के साथ वापस जा रहा था। चाचा भतीजा घायल हो गए। घटना की जानकारी पाकर थाना अध्यक्ष बालकृष्ण मिश्र मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। जहां पर उपचार के दौरान इलियास 30 पुत्र मोहम्मद उमर निवासी जगदीशपुर की मौत हो गई। वहीं भतीजा घायल का उपचार यह बात ठीक हो गया। जिसकों चिकित्सकों ने घर वापस भेज दिया। भतीजा भैया चला रहा था। चाचा पीछे से धक्का दे रहा था। पीछे से आ रही अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को राम देते हुए फरार हो गया। थानाध्यक्ष बालकृष्ण मिश्र ने बताया मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। वहीं मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। जैसे ही तहरीर मिलती है मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# शुभम बाजपेई बने जिला उपाध्यक्ष

हरगांव (सीतापुर)। शुभम बाजपेई को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभम बाजपेई को सांसद रेखा वर्मा, अशोक रावत सांसद, मन्डल अध्यक्ष नवीनगर, गोपाल शास्त्री, मन्डल अध्यक्ष हरगांव, संजय जायसवाल, मन्डल अध्यक्ष झरेखापुर रोहित मिश्रा, रवी मिश्रा, मदन श्रीवास्तव, विनय अवस्थी, संदीप गौड़, कपिल दीक्षित, पप्पू मिश्रा, अंकित कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# स्कूल कोआर्डिनेटर प्रतिमा वर्मा द्वारा विद्यालय में वास अप कक्षा का किया गया संचालन

मिश्रिख (सीतापुर)। विकासखंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बहुती में वर्ल्ड विजन इंडिया संस्था की स्कूल कोआर्डिनेटर प्रतिमा वर्मा द्वारा विद्यालय में वास अप कक्षा का संचालन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को जल स्वच्छता एवं साफ सफाई की जानकारी देते हुए दैनिक दिनचर्या में साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। वर्ल्ड विजन इंडिया के सीनियर मैनेजर वाच गोल्डेन नायक द्वारा बताया गया कि स्कूल के साथ.साथ नागरिकों के लिए वासअप कक्षाऐं चलाई जाएंगी। जिसमें बच्चों के साथ साथ अन्य नागरिकों को भी जल स्वच्छता एवं साफ सफाई की जानकारी दी जाएगी। आयोजित कार्यक्रम के माध्यम जन समुदाय को भयानक बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर वर्ल्डविजन के पर्ल रूथ तकनीकी सहायक वास के साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक राम किशन चौधरी, शिक्षामित्र रोहित यादव एवं रसोईयां निर्मला देवी के साथ सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 26 वर्षीय लड़के ने खुद को गोली मार कर की आत्म हत्या

हरदोई।जिले के मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुमुरकी निवासी डॉक्टर तौहीद खान के लड़के ने आज सुबह अपने कमरे में खुद को रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या करली गोली मारने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली है। और पूरे मामले की जाँच की जा रही है। तबतक शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# महोली के तरुण बने भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री, क्षेत्र के भाजपाइयों ने जताया हर्ष

महोली (सीतापुर)। तमाम वर्षों से भाजपा के लिए समर्पित क्षेत्र के तेजतर्रार युवा नेता तरुण शुक्ला को जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा के द्वारा जिला महामंत्री बनाया गया है। तरुण शुक्ला के जिला महामंत्री बनाए जाने को लेकर जहां क्षेत्र के भाजपाइयों ने हर्ष जताया है तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विधायक शशांक त्रिवेदी सहित तमाम पदाधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर तरुण शुक्ला को बधाई दी। नवनिर्वाचित जिला महामंत्री तरुण शुक्ला ने अपने घर पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा पार्टी के पदाधिकारियों ने मुझे जो दायित्व सौंपा है।

# अनियंत्रित बाइक की टक्कर से युवक की मौत

रेउसा (सीतापुर)। . रात रेउसा बहराइच मार्ग पर भरथा गांव के पास रपटा पुल पर अज्ञात अनियंत्रित बाइक की टक्कर लगने से अठ्ठाइस वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी मोहम्मद इलियास पुत्र उमर मोहम्मद अपने भतीजे के साथ ठेलिया पर लकड़ी लेकर अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से इलियास गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बीके मिश्र द्वारा एम्बुलेंस की सहायता से इलियास को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान इलियास 30 पुत्र उमर मोहम्मद निवासी जगदीशपुर की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाते हुए रेउसा कस्बे के बाहर ही इलियास की मौत हो गई। वहीं चोटिल भतीजे को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। थानाध्यक्ष बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। वहीं बाइक चालक को मय बाइक हिरासत में ले लिया गया है।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक अजय कुमार लल्लू का जोरदार स्वागत सीतापुर के टोल टैक्स पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने गाड़ी से उतरकर कतार में खड़े कांग्रेसजनों में एक–एक व्यक्ति से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश का किसान परेशान है, आज मुख्य रूप से विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस ही एक ऐसा दल है जो आम जनता के मुद्दों को उठा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य कांग्रेस का है। अजय कुमार लल्लू किसान महापंचायत में सम्मिलित होने लखीमपुर की गोला तहसील जा रहे थे। रास्ते में खैराबाद स्थित टोल टैक्स पर जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का जमकर स्वागत किया। सीतापुर से लखीमपुर जाते वक्त प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा की परिवर्तन निश्चित है और कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस विजय पताका फहरायेगी। एक सवाल के जवाब में श्री अजय कुमार लल्लू ने कहा कि सपा और बसपा एवं भाजपा की सरकार को जनता ने देख लिया है आज स्वास्थ्य प्रबंधन में सरकार पूरी तरह फेल है। नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार के वादे झूठे हैं।

स्वागत करने गए कांग्रेस जनों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष भार्गव, वरिष्ठ नेता डॉ विजय नाथ अवस्थी, महिला आयोग की पूर्व सदस्य शमीना शफीक, जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई, डा0 मसरूर अली, आमोद मिश्रा, चोक्ष विभु अवस्थी, राजीव शर्मा, बनवारी लाल कनौजिया, सुभाष राजवंशी, नरेंद्र वर्मा, कमला रावत, रामलखन रावत, शिवम गुप्ता, संजय दीक्षित, नागराज कश्यप, मुन्ने राजा, संजय कुमार सनी, सूरज चौधरी, रामपाल यादव, अंबुज बाजपेई, रामशंकर यादव, प्रभात मिश्रा, अजय कुमार शुक्ला, श्रीष शुक्ला, एम एल पांडे, सीपी श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार गोंड, जुगल किशोर, जेडी आजाद, हाजी सिराज, सूरज राजवंशी, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, अमर सिंह राणा, रिजवान खान, पीयूष मिश्रा, उपदेश गुप्ता, नावेद, सुरेश भारती, मो0इमरान, नोमान अंसारी, सईद अनवर, अफजल विमल रावत, जफरुल, रोहित यादव समेत अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# अगर आपके भी बच्चें को है अंगूठा चूसने की आदत तो करें बस यह छोटा सा काम

## बच्चे का अंगूठा चूसना छुड़ा देंगे ये 7 तरीके, आजमाकर देखें



आपने अक्सर बच्चों को बचपन में अंगूठा चूसते हुए देखा होगा। लगभग 3 साल की उम्र तक अंगूठा चूसना एक आम प्रक्रिया मानी जाती है, लेकिन अगर 5 साल की उम्र के बाद भी बच्चा अंगूठा चूसे तो यह नॉर्मल नहीं है। लंबे समय तक अंगूठा चूसने से दांत संबंधी समस्या के अलावा स्किन और स्पीच संबंधी प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। इसके अलावा दांत टेढ़े–मेढ़े जमते हैं और उनके बीच खाली जगह भी रह जाती है।

ऐसे में जरूरी है कि पैरंट्स जल्द से जल्द अपने बच्चे की अंगूठा चूसने की आदत को छुड़ाएं। इसके लिए पैरंट्स कुछ तरीके आजमा सकते हैं, जो यहां बताए जा रहे हैंरू

1– सबसे पहले तो आप यह देखें कि आपका बच्चा कब–कब और कितनी देर तक अंगूठा चूसता है। उसे इससे होने वाले नुकसान के बारे में समझाएं। उसे कुछ बहाना करके आप समझा सकते हैं। जैसे कि सिर्फ सोते वक्त ही अंगूठा चूसना चाहिए या इससे पेट में कीड़े हो जाते हैं आदि।

2– अगर इसके बाद भी बच्चा अंगूठा चूसना बंद न करे तो उसकी परेशानी समझने की कोशिश करें। अगर आपका बच्चा किसी दुख–तकलीफ या टेंशन में होने पर अंगूठा चूसता है तो उसे ऐसा करने से न रोकें। लेकिन यह बात जरूर समझाएं कि जब भी वह परेशानी में हो तो अंगूठा चूसने के बजाय आपके पास आए और जो भी परेशानी है उसे शेयर करे।

3– कुछ बच्चे भूख लगने पर भी अंगूठा चूसने लगते हैं। इसलिए बच्चों को ज्यादा देर तक भूखा न रखें और नियमित अंतराल पर कुछ न कुछ खिलाते–पिलाते रहें।

अंगूठा चूसने की आदत छुड़वाने के लिए आप कुछ घरेलू तरीके भी अपना सकते हैं। जैसे कि बच्चे के अंगूठे पर कोई कड़वी या खट्टी चीज (जो हेल्थ के लिए नुकसानदायक न हो) लगा सकते हैं। जब भी बच्चा अंगूठा मुंह में डालेगा तो वह कड़वा या खट्टा टेस्ट उसकी जीभ के स्वाद को खराब कर देगा। इस तरीके से बच्चा धीरे–धीरे अंगूठा चूसना छोड़ देगा।

5– बच्चे के मुंह में निप्पल या मीठी गोली खाने डाल सकते हैं ताकि वह उनमे बिजी रहे और अंगूठा न चूसे। कई बच्चे अपने पैरंट्स से दूर होने या फिर अकेलापन महसूस करने की वजह से भी अंगूठा चूसने लग जाते हैं। अकेलेपन से वे टेंशन में आ जाते हैं। इसलिए बच्चों को ज्यादा से ज्यादा टाइम दें।

6– जब भी आपको बच्चा अंगूठा चूसता हुआ दिखे तो उसे या तो किसी काम में बिजी कर दें या फिर उससे बातें करें ताकि उसका ध्यान भटका रहे।

7– अंगूठा चूसने की आदत छुड़ाने के लिए आप अंगूठे पर थंब गार्ड या कुछ प्रटेक्टिव कवरिंग लगा सकते हैं।

## फिल्म मिमी की रीमेक में कीर्ति सुरेश कृति सेनन का किरदार निभाएंगी?

हाल में रिलीज हुई फिल्म मिमी ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। इस



फिल्म में कृति सेनन मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय को पसंद किया गया था। यह फिल्म स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो मिमी की रीमेक में कीर्ति सुरेश अभिनेत्री कृति सेनन का किरदार निभा सकती हैं। रिपोर्ट की मानें तो मिमी की रीमेक में कृति का किरदार साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अदा कर सकती हैं।

कीर्ति सुरेश को ब्लॉकबस्टर फिल्म मिमी की तमिल और तेलुगु रीमेक में मुख्य भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

यह एक द्विभाषी फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कीर्ति सुरेश ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कहा जा रहा है कि एक बड़ी प्रोडक्शन कंपनी ने इस फिल्म की रीमेक बनाने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। मिमी समृद्धि पोरे की मराठी फिल्म माला आई व्हायची की हिन्दी रीमेक है। इस फिल्म को 2013 में तेलुगु में पहले ही रीमेक किया गया था, जिसका शीर्षक वेलकम ओबामा रखा गया था।

ऑरिजनल मराठी फिल्म की कलाकार उर्मिला कानेतकर कोठारे ने फिल्म की तेलुगु रीमेक में यशोदा के रूप में अपनी भूमिका को दोहराया था। 2013 में आई फिल्म की तेलुगु रीमेक में कुछ बदलाव देखने को मिले थे। इस फिल्म में एक महिला के संघर्ष को फिल्माया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक गरीब महिला पैसे के लिए सेरोगेट मदर की भूमिका में काम करने के लिए सहमत हो जाती हैं।

कृति की मिमी की कहानी में बदलाव किया गया है, जो इसे अलग एंगल देता है। बताया गया है कि कीर्ति सुरेश की फिल्म कृति की मिमी के करीब होगी। मिमी में कृति एक सेरोगेट मदद की भूमिका में दिखी हैं। पंकज त्रिपाठी उनके पति की भूमिका में नजर आए हैं। सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। कृति ने फिल्म में गर्भवती महिला की भूमिका निभाने के लिए अपना 15 किलो वजन बढ़ाया था।




## टाइगर 3 में सहायक निर्देशक के तौर पर जुड़े सलमान के भतीजे निर्वाण खान



सलमान खान और कैटरीना कैफ काफी समय से अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म के अगले शेड्यूल की शूटिंग के लिए सलमान और कैटरीना रूस गए हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो टाइगर 3 में सहायक निर्देशक के तौर पर सलमान के भतीजे निर्वाण खान भी जुड़ गए हैं। फिल्म की टीम के साथ निर्वाण भी रूस गए हैं।

निर्वाण सलमान के भाई सोहेल खान के बेटे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टाइगर 3 में वह सहायक निर्देशक की भूमिका में होंगे। कहा जा रहा है कि निर्वाण भी अपने दादा सलीम खान, चाचा सलमान और पिता सोहेल की तरह इंडस्ट्री में अपना कदम रखना चाहते हैं। बताया गया है कि सहायक निर्देशक के तौर पर उन्होंने इंडस्ट्री में एंट्री कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं।

सूत्र ने कहा, निर्वाण बहुत जल्द फिल्मों में शामिल होना चाहते हैं। 21 वर्षीय निर्वाण की निर्देशक बनने की योजना है। सीखने व प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्होंने एक सहायक निदेशक के रूप में काम करने का फैसला किया है। तकनीकी पहलुओं को सीखने के अलावा वह यह भी सीख रहे हैं कि दृश्यों को कैसे सेट किया जाए। सूत्र ने आगे बताया कि वह सभी विभागों के साथ समन्वय बनाने की कला सीख रहे हैं। माना जा रहा है कि निर्वाण को अपने साथ ले जाने का आइडिया सलमान का था। सलमान चाहते थे कि इस फिल्म से जुड़कर निर्वाण को एक अच्छा एक्सपोजर मिले। सलमान यह सुनिश्चित करने पर ध्यान लगा रहे हैं कि उनका भतीजा निर्वाण सही चीजें सीख पाए। निर्वाण के पिता सोहेल ने भी फिल्म औजार के साथ निर्देशन में डेब्यू किया था। इस फिल्म में भी सलमान मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म की पटकथा आदित्य चोपड़ा और लेखक श्रीधर राघवन ने लिखी है। टाइगर 3 की कहानी के कॉन्सेप्ट को 2018 से ही तैयार किया जा रहा था। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग–अलग देशों की यात्रा करते हैं। फिल्म 2022 में रिलीज होगी। सलमान फिल्म में एक रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा।

टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था और इसे बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस के मामले में भी काफी सफलता मिली थी। इसकी फिल्म सीच्ल टाइगर जिंदा है 2017 में देशभर में रिलीज की गई थी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में कैटरीना, सलमान के साथ मुख्य भूमिका में दिखी थीं।



## हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हूं कि मेरा क्षेतीय उच्चारण सही हो:यामी गौतम

यामी गौतम धर ने आगामी खोजी नाटक लॉस्ट के लिए अपनी भूमिका की तैयारी शुरू कर दी है, जिसकी शूटिंग कोलकाता में हो रही है। अभिनेत्री का कहना है कि किरदार को अपनेपन का एहसास दिलाने के लिए भाषा मौलिक है और वह हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि उन्हें क्षेत्रीय उच्चारण सही मिले। बंगाल के गढ़ में स्थित एक उग्र क्राइम रिपोर्टर के रूप में, यामी अपने चरित्र की त्वचा में ढलने के लिए भाषा सीखकर अतिरिक्त मील जा रही है। यामी ने कहा, चरित्र को अपनेपन की भावना देने और स्क्रीन पर वास्तविक दिखने में भाषा मौलिक है। मैं हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हूं कि मुझे क्षेत्रीय उच्चारण या बोली सही लगे, यहां तक कि एक संक्षिप्त संवाद के लिए भी। अभिनेत्री ने कहा,  लॉस्ट के लिए, मैं सेट पर बंगाली क्रू के साथ उनके भाषण की छोटी बारीकियों को समझने के लिए बातचीत कर रही हूं। यह मेरी भूमिका के लिए इसके उच्चारण को पकडने में भी मदद कर रहा है। अनिरुद्ध रॉय चौधरी मीडिया की अखंडता के मुद्दे पर आधारित लॉस्ट का निर्देशन कर रहे हैं। यामी के पास पाइपलाइन में ए थ्रसडे, दसवी और भूत पुलिस भी हैं।

## पुरानी कुर्ती को फेंकने की बजाय उसका ऐसे करें दोबारा इस्तेमाल



आमतौर पर कई महिलाओं की अलमारी में कुर्ती का कलेक्शन होता ही है, लेकिन जब ये पुरानी हो जाती हैं तो फिर उन्हें पहनने का मन नहीं करता। ऐसे में कुछ महिलाएं उन कुर्तियों को फेंक देती हैं या फिर उनको दान कर देती हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो अपनी पुरानी कुर्तियों का एक नहीं बल्कि कई तरीकों से दोबारा इस्तेमाल कर सकती हैं। आइए जानते हैं कि पुरानी कुर्तियों का किस तरह दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

रंग–बिरंगे कुशन कवर्स बनाएं

अगर आपके पास पुरानी कुर्तियों के कलेक्शन में कुछ बनारसी कुर्ती भी हैं तो आप उनसे कुशन कवर बना सकती हैं। इसके लिए पहले यह तय करें कि आपको किस शेप और साइज के कुशन कवर्स बनाने हैं। फिर उसी के मुताबिक अपनी दो या तीन बनारसी कुर्तियों की चार–पांच डबल लेयर काट लें। इसके बाद इन सभी डबल लेयर्स को तीन तरफ से सिल लें। खुली तरफ से रूई भरकर उसे भी सिल लें।

पोटली बैग बनाएं: अगर आपके पास ट्रेडिशनल वियर के हिसाब से कोई बैग नहीं या आपका बैग पुराना हो गया है तो आप अपनी किसी खूबसूरत पुरानी कुर्ती उसे तैयार कर सकती हैं। बस इसके लिए अपनी किसी भी एक पुरानी कुर्ती को पोटली बैग के आकार में काट लें। फिर उसके ऊपर के थोड़े से हिस्से को मोड़कर सील लें। इसके बाद सिले हुए हिस्से को उलटा करके उसके ऊपर डोरी लगा लें।

सॉफ्ट टॉयज बनाएं

आप चाहें तो पुरानी कुर्ती से अपने बच्चे के लिए सॉफ्ट टॉयज भी बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले टेडी बियर के आकार में कुर्ती को डबल लेयर में काट लें। अब इस डबल लेयर को एक–दूसरे के ऊपर रखें और इसे तीन तरफ से सिल लें। अब खुली तरफ से कपड़े में रुई भर दें और फिर इसे भी सिल दें। तैयार टेडी बियर पर प्लास्टिक की आंख और नाक चिपक दें।

हेयर बैंड्स बनाएं

अगर आपको रंग–बिरंगे हेयर बैंड्स लगाना काफी पंसद है तो आप अपनी पुरानी कुर्ती से आकर्षक हेयर बैंड्स बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले अपनी किसी पुरानी कुर्ती से एक लेट को काटें और फिर उससे एक नॉट बनाएं। अब इसे नीचे की तरफ से सिलें ताकि नॉघ्ट ढीली न हो जाए। कुर्ती से आप इस तरग अलग–अलग रंग के हेडर बैंड्स बना सकती हैं। यकीनन इस तरह के रंग–बिरंगे और खूबसूरत हेयर बैंड्स आप पर बहुत अच्छे लगेंगे।